चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 90, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 29 अप्रैल 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### कोर्ट ने नाबालिग शिकायतकर्ता की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आदेश दिया

## 'बृजभूषण सिंह पर दर्ज होगा एफआईआर'

**नई दिल्ली: दिल्ली** पुलिस ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का फैसला किया है। दिल्ली पुलिस की ओर से शुक्रवार को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को ये जानकारी दी। कोर्ट ने इस मामले में नाबालिग शिकायतकर्ता की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान मेहता ने कहा कि जब दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का फैसला कर लिया है, तब इस याचिका में अब कुछ भी शेष नहीं बचता। तब याचिकाकताओं की ओर से वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि वो इस मामले में एक नाबालिग शिकायतकर्ता की सुरक्षा की मांग करते हैं। कोर्ट को इस पर आदेश जारी करना चाहिए। इसका मेहता ने विरोध किया, तो चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने मेहता से कहा कि आपको इसका विरोध नहीं करना चाहिए, आखिर वे लड़कियां हैं। कोर्ट ने नाबालिग शिकायतकर्ता की सुरक्षा का आदेश देते हुए दिल्ली पुलिस को इस संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई पांच मई को होगी।

इस मामले पर 25 अप्रैल को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। सात खिलाड़ियों ने याचिका दायर कर बृजभूषण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। केंद्र सरकार ने भारतीय कुश्ती संघ के कामकाज को देखने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। मुक्केबाज मेरीकॉम उस कमेटी का नेतृत्व कर रही हैं, जो पहलवानों के आरोपों की





जांच के लिए गठित की गई है। जनवरी में विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया समेत कई पहलवानों और कोच ने बृजभूषण पर आरोप लगाते हुए दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन किया था। इसके बाद केंद्रीय युवा एवं खेल मामलों के मंत्रालय ने आरोपों की जांच के लिए कमेटी का गठन किया था। एक नाबालिग समेत सात पहलवानों ने 21 अप्रैल को कनाट प्लेस थाने में बृजभूषण सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। हाल ही में ये पहलवान फिर से जंतर-मंतर पर धरने पर बैठ गए हैं।

### बृजभूषण को जेल नहीं भेजे जाने तक जारी रहेगा धरना : विनेश फोगाट



**नई दिल्ली: कुश्ती** महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण के खिलाफ दिल्ली पुलिस एफआईआर दर्ज करने की तैयारी में है। दिल्ली पुलिस ने आज ही सुप्रीम कोर्ट को बताया की खिलाड़ियों की शिकायत पर बृजभूषण के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा। इस बीच खिलाड़ियों ने प्रेस वार्ता करके उनकी गिरफ्तारी की अपील की है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे खिलाड़ियों ने दिल्ली पुलिस पर नाराजगी जाहिर की। पहलवान विनेश फोगाट ने कहा कि हमें दिल्ली पुलिस पर भरोसा नहीं है। हम छह दिनों से बैठे हैं। दिल्ली पुलिस की कार्रवाई पर ही हमारा अगला कदम होगा। हमारी मांग है कि बृजभूषण को जेल में डाला जाए। साथ उनकी प्रधानमंत्री से नैतिकता के आधार पर अपील है कि उन्हें हर एक पद से हटाया जाए। जब तक वे उस पद पर रहेंगे वे उस पद का दुरुपयोग करेंगे और जांच को प्रभावित करेंगे। सुप्रीम कोर्ट पर हमें पूरा भरोसा है। धरने पर बैठे खिलाड़ियों ने कहा कि जबतक बृजभूषण को जेल नहीं भेजा जाता तबतक धरना जारी रहेगा।

## भारत-चीन सीमा स्थिति है स्थिर: राजनाथ सिंह

### चीन के रक्षा मंत्री जनरल ली ने की राजनाथ के साथ चर्चा

**बीजिंग: नई दिल्ली** में हुई भारत और चीन के रक्षा मंत्रियों की मुलाकात में सीमा तनाव का मुद्दा चर्चा का विषय था। गलवान घाटी की घटना के बाद भारत की जमीन पर पहली बार हुई दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की इस मुलाकात में भारत ने दो टूक कहा कि अगर चीन रिश्तों की बेहतरी चाहता है तो पहले सीमा से सैनिक मोचाबंदी और जमावड़ा खत्म करे।

**भारत-चीन संबंधों को देना चाहिए बढ़ावा:** इस बैठक में भारत द्वारा चीन को यह कहने के बाद कि सीमा समझौते के उसके उल्लंघन ने द्विपक्षीय संबंधों के पूरे



आधार को खत्म कर दिया है, चीन के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सीमा पर स्थिति आम तौर पर स्थिर है और दोनों पक्षों को सीमा मुद्दे को एक उचित स्थिति में रखना चाहिए और अपने संबंधों को बढ़ावा देना चाहिए। चीन के रक्षा मंत्री जनरल ली शांगफू, जो शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए नई दिल्ली में हैं। गुरुवार को अपने भारतीय समकक्ष राजनाथ सिंह के साथ 45 मिनट की लंबी बैठक की।

### केंद्रशासित राज्यों का समुचित विकास भारत सरकार का लक्ष्य : तोमर

**नई दिल्ली। केंद्रीय** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि केंद्रशासित प्रदेश व केंद्र सरकार एक-दूसरे के पूरक हैं। केन्द्र और राज्यों को परस्पर संवाद व अनुकूलता के साथ कठिनाइयां हल करते हुए विकास का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। केंद्रशासित राज्यों का समुचित विकास भारत सरकार का लक्ष्य है। इस दिशा में हर संभव कार्य किया जा रहा है। तोमर ने केन्द्र शासित राज्यों के प्रतिनिधियों की एक बैठक को शुक्रवार को संबोधित करते हुए।

## सांप्रदायिक आधार पर भड़काऊ बयान देने वाले पर स्वत: कार्रवाई करें राज्य: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे सांप्रदायिक आधार पर भड़काऊ बयान देने वाला जिस भी धर्म का हो, उस पर स्वतः कार्रवाई करें। जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि राज्य सरकारें बिना किसी शिकायत का इंतजार किए भड़काऊ बयान देने के मामले पर एफआईआर दर्ज करें। दरअसल 21 अक्टूबर, 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सांप्रदायिक आधार पर भड़काऊ बयान देने वाला जिस भी धर्म का हो, उस पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा था कि भड़काऊ बयान या भाषणों पर बिना किसी शिकायत का इंतजार किए कार्रवाई करें। कोर्ट ने दिल्ली, उप्र और उत्तराखंड सरकार को निर्देश दिया था कि वे अपने राज्यों में भड़काऊ भाषण देने वालों के खिलाफ की गई कार्रवाई के संबंध में एक्शन टेकन रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल करें। कोर्ट ने कहा था कि कार्रवाई में कोताही को सुप्रीम कोर्ट की अवमानना माना जाएगा। शुक्रवार को कोर्ट ने दिल्ली, उप्र और उत्तराखंड के 21 अक्टूबर के आदेश का दायरा सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए बढ़ा दिया है।

याचिका शाहीन अब्दुल्ला ने दायर की है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि ऐसे मामलों में कुछ करने की जरूरत है। अगर अदालतें कुछ नहीं करेंगी, तो भगवान ही इस देश को बचा सकता है। उन नेताओं के खिलाफ कुछ किया जाना चाहिए। तब जस्टिस अजय रस्तोगी ने कहा सुप्रीम कोर्ट और देश को हल्के में ना लें।

## पालघर में दो साधुओं और ड्राइवर की हत्या मामले की सीबीआई जांच कराएगी महाराष्ट्र सरकार

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र सरकार पालघर में दो साधुओं और उनके ड्राइवर की हत्या के मामले की जांच सीबीआई को सौंपेगी। महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को इसकी सूचना दी। इस सूचना के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई बंद कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने 29 मार्च को इस मामले की सीबीआई जांच की इजाजत दे दी थी। महाराष्ट्र सरकार ने कोर्ट को बताया था कि मामले में दो चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। महाराष्ट्र सरकार ने कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट सीबीआई जांच का आदेश देगा तो इसमे कानूनी पेचीदगियां नही होंगी। महाराष्ट्र सरकार ने 11 अक्टूबर, 2022 को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कहा था कि वो इस मामले की जांच मामला सीबीआई को सौंपने को तैयार है। 2020 में हुई इस घटना की जांच सीबीआई को देने का उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली तत्कालीन राज्य सरकार ने विरोध किया था। अब नई शिंदे सरकार ने कहा है कि उसे आपत्ति नहीं। याचिका शशांक शेखर झा ने दायर की थी।

## जब कोई संकट आता है तो अब भारत की ओर देखती है दुनिया : योगी

**बलरामपुर: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भाजपा की एक चुनावी जनसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नौ वर्षों में भारत की तस्वीर बदल गई है। दुनिया में जब कोई संकट उत्पन्न होता है तो पूरी दुनिया के लोग अब भारत की ओर देखते हैं, प्रधानमंत्री मोदी की ओर देखते हैं। निकाय चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में बलरामपुर के छोटा परेड ग्राउंड की चुनावी जनसभा में आदित्यनाथ ने कहा कि पहले भारत की पहचान राजनैतिक भ्रष्टाचार और दब्बू के रूप में बनी थी, लेकिन आज भारत वैश्विक मंच पर सम्मान प्राप्त कर रहा है। योगी ने निकाय चुनाव में नगरपालिका प्रत्याशी धीरेंद्र सिंह धीरू, उतरौला नगर पालिका से सबिता गुप्ता, नगर पंचायत




तुलसीपुर रंजना गुप्ता, गैसड़ी मदन जायसवाल, पचपेड़वा रवि वर्मा के पक्ष में जनता से मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2017 से पहले बहन-बेटियों को अकेले निकलना मुश्किल था। व्यापारियों से रंगदारी वसूली की जा रही थी। आज माफिया जेल में है। व्यापारी सुरक्षित है। 2017 से पहले जो किसी ने कल्पना नहीं की थी वह सभी विकास कार्य हो रहे हैं। बलरामपुर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण शुरू हो चुका है। पहले बलरामपुर आकांक्षी जनपद में था। अब बलरामपुर तेजी के साथ विकास कार्य होते हुए विकसित क्षेत्र में शामिल हुआ है। मुख्यमंत्री ने अपील की की जिस तरह से डबल इंजन की सरकार चल रही है। डबल इंजन के साथ तीसरे इंजन की सरकार बनाएं, ताकि नगरीय क्षेत्रों में चहुंमुखी विकास हो।

मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर 2:35 बजे बलरामपुर के छोटा परेड ग्राउंड में पहुंचा। मुख्यमंत्री ने अपना संबोधन मां पाटेश्वरी के जयकारे के साथ की। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई और नानाजी देशमुख को भी याद किया। इन दोनों नेताओं ने इसी बलरामपुर की धरती से राजनैतिक जीवन की शुरूआत की। कार्यक्रम में मंत्री नितिन अग्रवाल, विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, विधायक पलटू राम, विधायक रामप्रताप वर्मा, पूर्व विधायक शैलेश सिंह शैलू, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह भी मौजूद रहे।

## मनी लांड्रिंग: सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज




**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के मनी लांड्रिंग से जुड़े मामले में दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने ये फैसला सुनाया। कोर्ट ने 18 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि सिसोदिया मंत्री समूह के मुखिया थे और कैबिनेट के बारे में उनको सारी जानकारी थी। वे आबकारी नीति के बदलाव में मुख्य भूमिका में थे। ईडी ने कहा था कि नीति में फायदा पहुंचाने के बदले रिश्वत ली गई। ईडी ने कहा था कि कोई भी नीति हवा में नहीं बनाई जाती है। ईडी ने कहा था कि मंत्री समूह की बैठक में लाइसेंस फीस और प्रॉफिट मार्जिन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। ईडी ने कहा था कि मनीष सिसोदिया के पास 18 विभाग थे। उस समय वह लोगों से मुलाकात करते थे। कुछ लोग उनकी पत्नी की देखभाल करते थे, ऐसे में जमानत के लिए मनीष सिसोदिया पत्नी की सेहत का हवाला नहीं दे सकते हैं। इससे पहले जमानत याचिका पर 5 अप्रैल को सुनवाई के दौरान सिसोदिया की ओर से कहा गया था कि सिसोदिया के खिलाफ मनी लांड्रिंग का कोई मामला ही नहीं बनता है। सिसोदिया के वकील ने कहा था कि ईडी का पूरा केस सीबीआई के केस पर ही आधारित है। उन्होंने कहा था कि मनी लांड्रिंग एक्ट की धारा 3 के तहत किसी भी तरह का अपराध सिसोदिया ने नहीं किया। कोर्ट को यह देखना होगा कि क्या धारा 3 के तहत कोई उल्लंघन किया गया है। मनीष सिसोदिया की ओर से कहा गया था कि दूसरी एजेंसियां पहले ही इस मामले की जांच कर रही हैं। सिसोदिया के वकील ने कहा कि ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे यह पता चल सके कि सिसोदिया ने मनी लांड्रिंग का अपराध किया हो या उसमें शामिल हों। कथित अपराध की आय का एक भी पैसा सिसोदिया या उनके परिवार के किसी सदस्य के बैंक खाते में नहीं आया। उसका मनी लांड्रिंग के अपराध से कोई लेना देना नहीं है। सिसोदिया के वकील ने कहा था।



### खबर संक्षेप

## सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**करछना।** थाना क्षेत्र के रिपोटिंग चौकी भीरपुर के पास एक युवक अपनी दुकान से सड़क किनारे किसी काम से जा रहा था कि सामने से आ रही ट्रक की ओवर ट्रैकिंग के बदौलत युवक ट्रक की चपेट में आ गया जिसकी तत्काल घटनास्थल पर मौत हो घटना स्थल पुलिस चौकी के पास मिजार्पुर हाइवे पर हुई मौके पर मौजूद पुलिस ने तत्काल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया परिजन को देखने का मौका नहीं मिला जिससे स्थानीय लोगों ने पुलिस के प्रति आकोशि दिखाई दिए, थाना क्षेत्र के बस्तर गांव निवासी रिंकू गुप्ता 20 वर्ष पुत्र अनिल गुप्ता जो पुलिस चौकी के पास दूकान चलाता था। शुक्रवार दोपहर वह दुकान से कुछ सामान लेने के लिए बगल की दुकान पर गया था लौटते समय ट्रक की चपेट में आने से उसकी घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई और अनियंत्रित होकर ट्रक जाकर नाले में चली गई परिजनों ने चालक के खिलाफ संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# प्रधान पर लूट का मुकदमा दर्ज होने पर प्रधान संघ खफा, थाने पर किया प्रदर्शन सौंपा मांगपत्र






अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज विकास खण्ड करछना अंतर्गत डांडो गांव के प्रधान मिथिलेश कुमार के खिलाफ लूट गाली गलौज मारपीट और जान से मारने की धमकी के मुकदमे को लेकर प्रधान संघ आक्रोशित है। शुक्रवार को प्रधान संघ की अध्यक्ष आकृति सिंह प्रतिनिधि अवतार किशन सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में क्षेत्र के प्रधानों ने करछना थाने का घेराव कर हंगामा किया। ग्राम प्रधान मिथिलेश कुमार पर फर्जी मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाते हुए तत्काल उसे खत्म करने और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। विकासखंड करछना के ग्रामसभा डांडो के ग्राम प्रधान मिथिलेश कुमार के विरुद्ध दो दिन पहले गांव के ही एक व्यक्ति ने लूट, मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसको लेकर शुक्रवार को करछना विकासखंड कि ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष आकृति सिंह के नेतृत्व में ग्राम प्रधान संघ की महामंत्री धीतेश तिवारी, धर्मराज सिंह, रजवंता देवी, अंबाला तिवारी, राज कुमार सिंह,परमा नंद मौर्या वीरू सिंह ,बृजेश कुमार, रामानंद मौर्य, बीके सिंह, सूर्य प्रकाश पांडेय, कमलाकांत शुक्ला, रेनू देवी प्रवीण कुमार, वंदना, विवेक कुमार, बाबूलाल आदि ने इंस्पेक्टर करछना विश्वजीत सिंह को मांग पत्र शॉप पर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और फर्जी मुकदमा लिखाने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। गौरतलब है कि करछना थाना क्षेत्र के डांडो गांव निवासी रमाकांत पटेल 26 अप्रैल को गांव के प्रधान मिथिलेश कुमार और उनके भाई लवलेश कुमार के खिलाफ मारपीट कर 15 हजार रुपए छीन लेने, गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने की एफआइआर दर्ज कराई थी।

# फ्राडियों ने फेक आईडी बनाकर दोस्त के नाम पर पचास हजार ठगा

### पुलिस आयुक्त के आदेश पर केस दर्ज, साइबर अपराधियों ने फेक आईडी के माध्यम से मैसेज के जरिए हडपे पचास हजार

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** फ्राडियों ने फेक आईडी बना कर युवक का कथित मित्र बन कर बेटे की बीमारी का बहाना बनाकर पचास हजार हडप लिए।पुलिस आयुक्त के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मानीउमरपुर मटियारी निवासी फिरोज उद्दीन शेख पुत्र कमरूद्दीन शेख का केरल के रहने वाले जॉसन जोजफ से पार्टनर पर कारोबार करते हैं। फिरोज उद्दीन के अनुसार 22 अप्रैल को रात्रि के समय जालसाजों ने फेक आईडी के माध्यम से जॉसन बनकर मोबाइल पर मैसेज भेजे कहे कि उसका पुत्र बहुत बीमार है। उसे बीस हजार भेज दो। फिरोज उद्दीन का आरोप है कि वह गूगल पे से उक्त नम्बर पर बीस हजार भेज दिया फिर थोडी देर में तीस हजार भेजने का मैसेज आया।तो वह तीस हजार भेज दिया। फिरोज उद्दीन का कहना है कि जब तीसरी बार तीस हजार का फिर मैसेज आया तो उसे शंका हुई। तो उसने तुरन्त जॉसन को फोन लगाया। जॉसन ने कहा कि तुम कहाँ फंस गए हो। यह नम्बर फेक आईडी से बना है। फिरोज उद्दीन ने पुलिस आयुक्त के यहां तहरीर दी पुलिस आयुक्त के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने उक्त नम्बर के मालिक नाम पता अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# निवर्तमान चेयरमैन का चुनाव प्रचार तेज, सभी प्रत्यासीयों ने जन संपर्क किया तेज

### भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में कई नेता कार्यकर्ता दिख रहे सक्रिय

**कोरांव।** प्रयागराज प्रथम चरण के चार मई को होने वाले चेयरमैन और सभासद प्रत्यासियो के चुनाव की तिथियां जैसे जैसे नजदीक आती जा रही है वैसे वैसे प्रत्यासियों की धडकने तेज होने लगी है। एक तरफ जहाँ भाजपा के दूसरी बार बने उम्मीदवार नर सिंह कुमार केशरी उर्फ गोपाल सर्राफ के समर्थन मे विद्यायक राजमणि कोल ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल आदि भाजपा कार्यकर्ताओ का समर्थन मिलने लगा है और गली गली मोहल्ला कस्बा भाजपा प्रत्यासी के लिए कमल के निशान पर वोट मांगने की पैरवी करते देखे जा रहे है वही दूसरी ओर पूजा चतुर्वेदी के प्रचार मे मेजा विधायक संदीप पटेल ओर सपाइयो का जत्था साईकिल के बटन पर मोहर लगाने का प्रचार कर रहे है वही तीसरी ओर पूर्व चेयरमैन भाजपा के ही ओम केशरी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप मे चुनाव चिन्ह जीप के निशान पर वोट मागने के लिए उनके समर्थक पुरे बाजार मे कूद पड़े हैं। जिससे चुनाव रोचक हो गया है। तथा अवध नारायण तिवारी चुनाव चिन्ह अनार के चुनाव चिन्ह पर वोट मागने के लिए उनका भी पूरा हुजूम दिखाई दे रहा है। इसी तरह उपरोक्त उम्मीदवारों के अतिरिक्त अन्य प्रत्यासी भी चुनाव प्रचार अपने अपने चुनाव चिन्ह को लेकर करते देखते जा रहे है। किन्तु वर्तमान हालात मे लड़ाई चतुरकोणी देखी जा रही है भाजपा के प्रत्याशी नर सिंह केशरी ओर चुनाव प्रचार की कमान सभालने वाले भाजपा विधायक कोरांव की बातो पर यदि गौर करे तो चुनाव मे भाजपा प्रत्यासी को ही जीत मिलेगी। ऐसा दावा उनके समर्थको का है। क्योंकि नर सिंह केसरी का कथन है कि मुझे हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। इसी तरह ओम केशरी ओर अवध नारायण तिवारी तथा पुष्पराज सिंह एवं रसीद भी अपनी अपनी जीत का दावा ठोक रहे है। कुल मिला कर हर प्रत्यासी चुनावी दंगल में अपनी अपनी रणनीति तैयार कर के पूरे दम खम लगा दिए हैं।

# जनता के बीच रहने वाले को चुना जाएगा नेता

### वार्ड 20 चक रघुनाथ से 9 प्रत्यासी अपनी किश्मत आजमा रहे हैं





अखंड भारत संदेश




**नैनी।** आज नगर निकाय के मतदान रूपी सफर में बहुत से नेता आम जनता का नेतृत्व करने के प्रयास में अपना अपना राग और अपनी अपनी ढपली लेकर भोली भाली जनता को अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास करने में लगे हैं लेकिन आज का जन मानस भी कम चतुर नहीं है हम बात कर रहे हैं वार्ड 20 चक रघुनाथ के बारे में जहां से 9 प्रत्यासी अपनी किश्मत आजमा रहे हैं आज हमारी टीम ने क्षेत्र का दौरा किया और बहुत से मतदाताओं से मिलकर इस नगर निकाय के चुने जाने वाले प्रत्यासी के बारे में जानकारी चाही तो जागरूक मतदाताओं ने किसी प्रत्यासी का नाम लिये बगैर बताया कि इस बार के चुनाव में वही नेत चुना जाएगा जो आम जन के साथ जुडा होगा और जिसने लोगों के साथ मिलकर लोगों की समस्याओं का निवारण करने में साथ दिया होगा सूत्रों की माने तो आम जनों ने कर्मठ और जुझारू प्रत्यासी पर अपना समर्थन व्यक्त किया है अब देखना यह है कि कौन सा प्रत्यासी अपने आपको आम जनों के बीच अपने आपको उपरोक्त मापों पर खरा उतार सकेगा।

## शंकरगढ : निर्दल प्रत्याशी पार्वती को मिला पूर्व चेयरमैन अनुपमा वैश्य का साथ



**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ में निकाय चुनाव दिन-प्रतिदिन दिलचस्प होता जा रहा है। रोज नये समीकरण बन रहे हैं। चुनाव चिन्ह आवंटन के पश्चात चुनाव प्रचार में तेजी आ गई है। चेयरमैन पद की भाजपा प्रत्याशी अंजू देवी, सपा प्रत्याशी कंचन कुमारी और आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी शिखा समद्दार के समर्थक देर रात तक चुनाव प्रचार में तल्लीन नजर आ रहे हैं। इधर, शुक्रवार को नगर पंचायत शंकरगढ़ की चेयरमैन रह चुकी अनुपमा वैश्य ने निर्दल प्रत्याशी पार्वती कोटार्य के साथ चुनाव प्रचार किया और पार्वती के चुनाव चिन्ह स्कूटर पर वोट देने की अपील की। अनुपमा वैश्य ने नगर पंचायत शंकरगढ़ की पुरानी बाजार, चमरौटी टोला, कनकनगर समेत कई अन्य मोहल्लों काभ्रमण किया और निर्दल प्रत्याशी कोजिताने की अपील की। इस मौकेपर दीपू, सोनी, सुनीता समेत तमाम समर्थक भी मौजूद रहे।

## बसपा से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अय्यूब अंसारी ने मोहल्ला वासियों के साथ की बैठक

**मऊआइमा।** नगर पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर बसपा प्रतयाशी अय्यूब अंसारी ने गुरुवार को अपने आवास मोहल्ला अबुहलीम पट्टी में समस्त मोहल्ला वासियो एवं अन्य मोहल्ला के लोगो को बुला कर एक बैठक की बैठक में आये हुए सभी लोगो से अपना अमूल्य वोट बहुजन समाज पार्टी को देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है।इस दौरान मोहल्ला के राजू,फरीद अहमद,गुलजार अहमद,अनीस अहमद,निहाल अहमद,मुन्ना अंसारी,दिलशाद अंसारी,रहमान,मोनू,सैफ,आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## विधायक बारा ने सुनी लोगों की समस्याएं संबंधित अधिकारियों को दिया निर्देश

अखंड भारत संदेश

### गर्मी को देखते हुए पानी और बिजली पर दिया जोर, प्रतिनिधियों को किया अलर्ट, निस्वार्थ भाव से करें जनता की सेवा

**जसरा।** शुक्रवार को विधायक बारा डॉ वाचस्पति ने एम वी कान्वेंट स्कूल गौहानिया में क्षेत्र की जनमानस के साथ बैठकर समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। आपको बता दें कि विधायक जी ने गर्मी को देखते हुए पानी और बिजली पर विशेष जोर दिया। जनता दरबार में उपस्थित दर्जनों लोगों ने एक स्वर में पानी,बिजली, सड़क का मुद्दा उठाया जिसको लेकर विधायक जी काफी सक्रिय नजर आए। अपने प्रतिनिधियों को अलर्ट करते हुए कहा कि जनता की सेवा निः स्वार्थ भाव से करते रहे क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी को मुझसे या मेरे किसी प्रतिनिधि से कोई शिकायत हो तो मुझसे मिलकर अपनी बात रखें सबकी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। जनता दरबार में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष जसरा जगत नारायण शुक्ला, उमेश शुक्ला, नीरज केसरवानी, फूलचंद्र पटेल, श्यामू निषाद, मिथिलेश पांडेय, प्रधान जसरा आशीष सोनकर, आलोक पाठक,अंजनी लाल, संजीव पांडेय, इंद्रजीत सिंह, पंकज पांडेय, द्विजेश पांडेय, हरिशरण सिंह, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पर शौचालय निर्माण का पैसा हजम करने का आरोप, बना चर्चा का विषय

### स्वर्गीय चेयरमैन मोहम्मद नोमान के कार्यकाल के समय में चाचा और भतीजे ने पैसा किया हजम

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के एक दल के प्रत्याशी पर पूर्व स्वर्गीय चेयरमैन के जमाने में गरीबों के लिए आया शौचालय निर्माण का पैसा कथित अपात्र बन कर धन्ना सेठ ने हजम कर लिया। जो इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। उक्त प्रत्याशी का नाम सुन कर मतदाता हैरतजदा हैं।और क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए चुनावी बुखार से नगर पंचायत मऊआइमा तप रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक दल के प्रत्याशी और उसके चाचा ने सन 2003---2004 में तत्कालीन स्वर्गीय चेयरमैन मोहम्मद नोमान के कार्यकाल में अपने को अपात्र बता कर स्वंय उम्मीदवार और उसके चाचा अपात्र बन कर चुपके से हजम कर गए। आज वही अध्यक्ष पद के कथित दावेदार बन कर मतों के लिए दर दर भटक रहे हैं। उक्त प्रत्याशी कारतूसों को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

### न्यूज झरोखा

## मनबोध कुशवाहा बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा आरिफा बानो ने लहराया परचम



**कोरांव।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज 2023 बोर्ड द्वारा घोषित हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम में मनबोध कुशवाहा बालिका इंटर कालेज कोरांव प्रयागराज का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। हाई स्कूल की परीक्षा में आरिफा बानो पुत्री शफात अली शाह ने हाई स्कूल की परीक्षा में 86%83 पाकर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त कर क्षेत्र में परचम लहराया है। जिसे लेकर स्कूल के प्रधानाचार्य सावित्री देवी सहित गांव में खुशी का माहौल है। स्कूल के प्रधानाचार्य सावित्री देवी एवं टीचर पुष्पा पटेल,रूबी कुशवाहा,अनिता कुशवाहा सहित तमाम गांव के लोगों ने आरिफा बानो के उज्जवल भविष्य की कामना किया।

**बोर्ड परीक्षा में टॉपर छात्रों का हुआ सम्मान :** सरदार पटेल इण्टर कालेज सिकरो कोरांव प्रयागराज में यूपी बोर्ड परीक्षा में इण्टरमीडिएट में96.2% अंक प्राप्त कर प्रदेश में सातवें स्थान पर रही छात्रा कु अंजू सिंह तथा हाईस्कूल में 96.17% अंक प्राप्त कर प्रयागराज जनपद में चौथा स्थान अर्जित करने वाली छात्रा कु यशस्वी तिवारी को स्मृति चिह्न देकर तथा उक्त छात्राओं के अभिभावकों श्री सतीश कुमार सिंह व श्री विजय शंकर तिवारी जी को शाल ओढाकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डा. अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि यदि छात्र अभिभावक एवं अध्यापकों के समन्वित प्रयास हों तो परिणाम अवश्य ही शुभ होता है। डा सिंह ने सफलता प्राप्त छात्र छात्राओं को बधाई देने के साथ ही हुए उन्हें आगे की सफलता के लिए सचेत करते हुए परिश्रम तथा लक्ष्य के प्रति सही दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर श्री शान्ती प्रसाद सिंह श्री यदुवीर सिंह श्री अभयराज सिंह आदि अध्यापकों तथा श्री सतीश कुमार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संचालन गुलाब शंकर मिश्र ने किया।

## जवाइन विद्यालय में हुआ मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान



**पसना।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित चौधरी शिव जोखन सिंह इंटर कालेज जवाइन में हाईस्कूल एवम् इंटरमीडिएट के उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में विद्यालय के हाईस्कूल के छात्र शैलेश कुमार विश्वकर्मा 93प्रतिशत,रोहित सिंह 87.7 व अर्चना कुमारी ने 87प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा महेंद्र सिंह ने माला पहना कर सम्मानित किया।इसी प्रकार इंटर विज्ञान वर्ग में सोनाली गुप्ता 92.2प्रतिशत, सतीश प्रजापति 92, विनय कुशवाहा 91व कला वर्ग से खुशी सिंह 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र में विद्यालय का परचम लहराने पर विद्यालय के संस्थापक उदित नारायण सिंह ने छात्रों को सम्मानित किया। संस्थापक नेविद्यालय के उत्तीर्ण सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शिव इं. कॉलेज के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम में दबदबा



**प्रतापपुर।** शिव इंटर कॉलेज कटहरा की बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10 व 12 के मेधावी छात्र छात्राओं का विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सुयोग पांडेय व शिक्षकों ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कक्षा 10 में अर्पित मिश्रा ने 560/600 अंक तथा कक्षा 12 में खुशी सिंह 425/500 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 में करन सिंह पटेल 558, आदित्य सिंह 555, निष्ठा 552, आलोक 548, मिनल पांडेय 547, अस्मित कुमार 543, कुशाग्र 542, मोहम्मद आवेश 541, प्राची पुष्पाकर 537, प्रज्ञा मौर्य 537, तथा सौरभ जयसवाल ने 535 (गणित में 100) अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कक्षा 12 में अमित दीप 415, दीपा 411, अभिनव कुशवाहा 407, अभिषेक सिंह 405,श्रेया सिंह 405, कविता बिन्द 402, साजिया खान 401 अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरान्वित किया। कक्षा 10 का रिजल्ट 97% तथा कक्षा 12 का रिजल्ट 84.4% रहा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शकील अहमद, रामानुज सिंह, लाल गीतेश्वर सिंह, राजीव रंजन, बृजेश शंखधर, राधेमोहन यादव, सत्यनारायण सरोज, सूर्यबली पाल, कृष्ण सिंह, प्रभा सिंह, संजय यादव, धर्मेंद्र मिश्रा, महेश यादव, सुधीर यादव, नीरज गुप्ता, संतोष राय, शिवभान यादव, महेश भारतीया, चंद्रभान, अनुराग शुक्ला, दयाराम, रमेश सिंह, मनोरमा, अभिषेक, इंद्रेश, इंद्रभान, मुकेश उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ती की दोनो बेटियों ने हाई स्कूल व इंटर में अच्छे अंक किए हासिल, विधायक ने किया सम्मानित



घूरपुर। यूपी बोर्ड में अच्छे नंबरों से पास हुई आंगन बाड़ी कार्यकर्ती की दोनो बेटियों स्वेच्छा सागर व श्रेया सागर को शुक्रवार के दिन विधायक बारा ने उनके घर पहुंच सम्मानित किया । इस बीच विधायक ने आगे की पढ़ाई के लिए दोनो बेटियों की हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिया। बताते चलें कि घूरपुर के दलवाबारी गांव की आंगन बाड़ी कार्यकर्ती सविता की दो बेटियों स्वेच्छा ने इंटर मीडिएट की परीक्षा 86% अंक तो श्रेया सागर ने हाईस्कूल में 92% अंक हासिल किया था। जिसके चलते शुक्रवार के दिन बारा विधायक वाचस्पति उक्त बेटियों के घर पहुंचे । विधायक ने दोनो बेटियों को माला पहनाकर सम्मान किया। और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस बीच विधायक ने दोनो बेटियों के भीतर ऊर्जा भरते हुए कहा कि वे आगे जो भी पढ़ाई करेंगी उनकी हर सम्भव मदद उनके द्वारा की जाएगी।

# खंडजा मार्ग में लगी लाखों की ईट दंबग जबरन उठा ले गए घर, दंबगो के खिलाफ थाने में शिकायत

अखंड भारत संदेश

**करछना।** विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामगढ़ में पूर्व प्रधान द्वारा यादव बस्ती में जाने के लिए लाखों रुपए सरकारी धन खर्च करके खड़ंजा मार्ग का निर्माण कराया था उक्त मार्ग पर काली सड़क बनाए जाने की मंजूरी होने पर ग्रामीणों द्वारा जबरन सब्बल कुदाल लेकर टैक्टर लगाकर सरकारी लाखों रुपए की ईट निकाल ले गए जिस पर वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि कमलाकांत शुक्ला ने संबंधित थाना करछना में दबंगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए मांग की है कि खंडजा मार्ग में लगी सरकारी ईट ग्राम पंचायत की संपत्ति है जिसे व्यक्तिगत रूप में जबरन उठाकर घर ले जाने वालों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित है वही पूर्व प्रधान महानारायण ने बताया कि इस लंबे चौड़े खंडजा मार्ग में लाखों रुपए बनवाने में लगा था जिसे गांव के दबंग लोग उखाड़ कर अपने घर ले जा रहे हैं पुलिस हस्तक्षेप किया था लेकिन उसके बावजूद भी नहीं मान रहे हैं वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि कमलाकांत शुक्ला संबंधित मामले की शिकायत करछना थाने व खंड विकास अधिकारी को अवगत कराते हुए दबंगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



दो सौ मीटर लम्बा एवं दो मीटर चौड़ा खंडजा मार्ग में पूर्व प्रधान ने लाखों रुपए सरकारी धन किया था खर्च

## चौधरी महराज दीन यादव स्मारक इं. कॉलेज का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत, प्रबंधक ने किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** विगत 25 अप्रैल को एशिया की सबसे बड़ी उत्तर प्रदेश बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमे सोरांव क्षेत्र की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चौधरी महाराज दीन यादव स्मारक इंटर कॉलेज मुकुंदपुर में अध्ययन कर रहे हैं। कक्षा 10 और 12 के सभी छात्र छात्राओं ने धमाल मचाया। और परीक्षा में शामिल हुए सभी परीक्षार्थी प्रथम अंक में उत्तीर्ण होकर स्कूल ही नहीं बल्कि अपने मां-बाप, गुरुजनों संग क्षेत्र का भी नाम रोशन किए। इसी बात पर खुश होकर के शुक्रवार को स्कूल के प्रबंधक बाबूलाल यादव ने प्रथम प्रतिशत अंक पाने वाले सभी छात्र छात्राओं को सम्मानित किए। तथा पास हुए परीक्षार्थियों को आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना भी किए। जिसमें इंटरमीडिएट परीक्षा में टॉपर सीबी श्रीवास्तव, निकिता पटेल, श्वेता, नीलम यादव, ज्योति विश्वकर्मा, विशाखा सहित सैकड़ों छात्र/ छात्राएं मौजूद रहे। वही हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में शशी पटेल, विवेक कुमार, स्वयं प्रभा शालिनी मौर्य, सौम्या पटेल, शालू,निकिता यादव, खुशी यादव, आरोही यादव, श्याम जी यादव, कृति द्विवेदी, महिमा यादव, सुनैना,सेजल एवं उत्कर्ष श्रीवास्तव संग सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार यादव, सहायक अध्यापक राजेश कुमार यादव, दयाशंकर श्रीवास्तव, ज्वाला सिंह यादव,अतुल कुमार श्रीवास्तव, उमेंद्र यादव, राजेश कुमार, विनय कुमार श्रीवास्तव, सूबेदार मौर्या सहित अभिभावकगण मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन इंटर कालेज का एमएलसी ने किया निरीक्षण

**नैनी।** राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन इंटर कॉलेज, महेवा नैनी में गुरुवार को नवनिर्वाचित शिक्षक विधायक डॉ. बाबूलाल तिवारी पहुँचे। वहां उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण करने के साथ ही समस्याओं की जानकारी ली। इसके बाद स्कूल में बनने वाले मिड-डे मिल के तहत बनने वाले बोजन की गुणवत्ता को जांचा एवं भोजन को टेस्ट भी किया। पखली बार कॉलेज में आगमन पर प्रधानाचार्य स्वामी नाथ त्रिपाठी ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य भगवत प्रकाश कुशवाहा, अनिल मिश्रा, डीके राय, विश्वनाथ प्रताप सिंह, युवराज सिंह, विनोद दुबे कल्याण प्रधान, दिनेश यादव, मनोज कुमार, बबीता जयसवाल, निशा चंद्रा, रचना सिंह, आकांक्षा कुशवाहा, टार्जन भारतीय आदि रहे।

# शराब पार्टी के दौरान युवक की गोली मारकर हत्या

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** कैंट थाना अंतर्गत नेवादा, अशोक नगर मोहल्ले में गुरुवार रात एक युवक की हत्या कर दी गई। हत्या की सूचना हत्यारोपी की मां ने ही पुलिस को दी। सूचना के बाद एक्टिव हुई पुलिस ने आरोपी और उसके साथियो की तलाश में ताबड़तोड़ कई जगह दबिश दी, लेकिन वह मिला नहीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया।रिपोर्ट में शुक्रवार को पता चला कि मृतक की गला घोंटकर हत्या की गई है। पोस्टमॉर्टम के बाद लाश लेकर निकले परिजन आईजी ऑफिस के समीप सड़क पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया और गिरफ्तारी की मांग करने लगे। पुलिस वाले उन्हें समझा बुझाकर शांत कराए। उसके बाद परिजन शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए गए।

**छह लोग मिलकर कमरे पर मना रहे थे शराब पार्टी :** प्रयागराज नगर के कैंट थाना अंतर्गत नेवादा अशोक नगर निवासी अभिषेक सोनकर (25) पुत्र बॉबी सोनकर अपने ननिहाल में रहता था। पुलिस के अनुसार बुधवार की देर रात अभिषेक के कमरे पर उसके साथी रमजी, देवांश सोनकर, करन तथा दो अन्य साथी आए थे। देर रात शराब की पार्टी चल रही थी।

**मां ने फोन कर पुलिस से कहा उसके बेटे ने किसी का खून कर दिया है, उसे पकड़ लो :** पार्टी के दौरान ही रमजी और अभिषेक के बीच झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान अभिषेक का गला दबा दिया गया और सिर पर किसी वजनदार हथियार से हमला कर दिया गया। जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। इस घटना के बाद रमजी, देवांश, करण तथा उसके अन्य साथी मौके से भाग निकले। इसकी किसी को कानों कान खबर नहीं हुई। गुरुवार की रात में रमजी की मां को इसके बारे में पता चला तो उसने फोन करके कैंट थाने में सूचना दी कि उसके बेटे ने अभिषेक नाम के लड़के की हत्या कर दी है। उसे गिरफ्तार कर लो।

**पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम :** सूचना के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने रमजी और उसके साथियों की तलाश में लगातार दबिश दी, लेकिन वह मिल नहीं रहा था। शुक्रवार सुबह अभिषेक के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया तो उसमें गला घोंट कर मौत की पुष्टि हुई। कैंट पुलिस ने बताया कि आरोपी रमजी की मां ने ही हत्या की जानकारी दी थी। रमजी की मां का कहना है कि बेटे के भागने के बाद उसे पता चला कि उसने किसी का खून किया है। पता चलते ही उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

**नाराज परिजनों ने आईजी ऑफिस के सामने लगाया जाम, हंगामा :** दूसरी तरफ शुक्रवार की शाम को पोस्टमार्टम के बाद जब परिजनों को अभिषेक का शव मिला तो परिजन शव लेकर आईजी ऑफिस के सामने पहुंच गए और सड़क पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। परिजन न्याय की मांग कर रहे थे। घरवालों का आरोप है की अभिषेक सोनकर पुत्र बॉबी सोनकर निवासी नेवादा, कैंट अपने घर पर सोया हुआ था। तभी रामजी और देवांश सोनकर अपने तीन साथियों के साथ आये और अभिषक सोनकर की गला दबा कर हत्या कर दी। हत्या के बाद सभी फरार हो गए। परिजन गिरफ़्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। घंटे भर बाद पुलिस ने किसी तरह से समझा बुझाकर उन्हें शांत कराया। इंस्पेक्टर कैंट ने बताया कि थोड़ी देर बाद नाराज लोगों को समझा-बुझाकर भेज दिया गया था। कोई ज्यादा समस्या नहीं हुई। आरोपी रमजी को पकड़ लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। प्रथम दृष्टया उसने बताया कि शराब पीने के दौरान दोनों में झगड़ा हुआ था। बाकी पूछताछ पूरी होने के बाद स्थिति स्पष्ट की जाएगी।

## प्रयागराज में कुष्ठ रोग के 162 मरीज

### मरीजों के चिह्नित करने से इलाज कराने तक के लिए गठित की गई है स्वास्थ्य विभाग की टीम

**प्रयागराज।** कुष्ठ रोग यानी कोढ़ जैसी बीमारी का नाम सुनते ही लोग भयभीत हो जाते हैं। प्रयागराज में पिछले एक साल में कुष्ठ रोग के 162 नए मरीज मिले हैं। जिनका इलाज भी शुरू करा दिया गया है। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ. अमृतलाल यादव ने बताया कि कुष्ठ रोगियों के चिह्नित करने से लेकर उनके इलाज तक के लिए एक टीम गठित की गई है। 1अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक 162 कुष्ठ रोग से ग्रसित मरीज मिले हैं। इनका इलाज शुरू कराया जा चुका है।उन्होंने बताया कि नैनी में लेप्रोसी मिशन अस्पताल संचालित हैं जिसमे गंभीर दशा वाले मरीजों को रहने, खाने व दवा की पूरी सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि यदि किसी कुष्ठ रोगी को सर्जरी की आवश्यकता होती हैं तो उसका निशुल्क सर्जरी की जाती हैं साथ ही मरीज को आठ हजार रुपये भी दिए जाते हैं। कुष्ठ रोग यानी दीर्घकालिक रोग : डॉ. अमृतलाल यादव बताते हैं कि कुष्ठ रोग यह एक दीर्घकालिक रोग है, जो कि माइकोबैक्टेरियम लेप्री नामक जीवाणुओं की वजह से होता है। कुष्ठ भी एक संक्रामक रोग है जो बैक्टीरिया के कारण होता है। यह मुख्य रूप से चमड़ी और तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है। जिसके कारण दिव्यांगता भी हो सकती है। यह रोग बहुत धीरे-धीरे बढ़ता है। कुष्ठ रोग दो वर्ष के ऊपर किसी भी आयु में स्त्री व पुरूष किसी को हो सकता हैं।जिला लेप्रोसी कंसल्टेंट डा. अच्छेलाल यादव ने बताया कि जिले में मरीजों के चिह्नीकरण से लेकर इलाज की हर सुविधा के लिए टीम का गठन किया गया हैं ताकि संभावित मरीज के साथ मरीज को जल्द से जल्द इलाज मिल सके। कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वालों का ज्यादा खतरा रहता है। डॉ. यादव ने कहा कि कुष्ठ रोग खांसने छींकने के बाद पानी की सूक्ष्म बूंदे बाहर निकलती हैं, उससे ही फैलता हैं और कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग इसकी गिरफ्त में जल्दी आते हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में कुष्ठ रोग की जागरूकता के लिए व्यापक कार्य किये जा रहे हैं जैसे निक्षय दिवस, घर घर दस्तक अभियान, जिसमें आशा कार्यकर्ता लक्षण युक्त मरीजों को चिह्नित कर उनकी सूची देती हैं। जिसके बाद जिला कुष्ठ रोग की टीम जाकर कर उसकी जांच कर आगे की प्रक्रिया के लिए देती हैं।

# मोटरसाइकिल व बोलेरो में हुई भिड़ंत दो की मौत,एक घायल

**अखंड भारत संदेश**



**खीरी।** थाना खीरी अंतर्गत बघोल ग्राम सभा में खीरी राजवाहा के निकट बोलेरो और मोटरसाइकिल में भिड़ंत हो गया। जिसमें मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति का मौके पर ही मौत हो गया। वही एक व्यक्ति गंभीर अवस्था में घायल है। जिसे इलाज हेतु कोरांव सीएससी भेजा गया। शव को खीरी पुलिस कब्जे में करते हुए चीरघर भेज दिया। जानकारी के अनुसार खीरी थाना क्षेत्र के बसगड़ी ग्राम सभा निवासी प्रभु पुत्र पचई कोल उम्र 45 वर्ष व छोटू तिवारी पुत्र कल्लू तिवारी उम्र 25 वर्ष तथा पिंटू कोल पुत्र मुखिया कोल उम्र 35 वर्ष एक मोटरसाइकिल से घर से अपने रिश्तेदारी में घोरहा गए थे। तत्पश्चात लेरियरी की ओर जा रहे थे। शुक्रवार को देर शाम 6 बजे खीरी थाना क्षेत्र के बघोल ग्राम सभा में खीरी राजवाहा के निकट लेडियारी की ओर से आ रही बोलेरो से आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई ।जिसमें प्रभु पुत्र पचई कोल व छोटू तिवारी पुत्र कल्लू तिवारी का मौके पर मौत हो गया। वही पिंटू कोल गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर प्रत्यक्षदर्शियों में चर्चा रहा की प्रभु व छोटू पर बोलेरो चढ़ गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मौके पर मछली और दारू की सीसी गिरी हुई थी। वहीं सड़क पर काफी देर तक मृतकों का शव भी पड़ा हुआ था। सूचना पर 112 नंबर की पुलिस व खीरी पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में करते हुए चीरघर भेज दिया। वहीं घायल अवस्था में पिंटू कोल को सरकारी एंबुलेंस की सहायता से कोराव सीएससी भेजा गया ।चर्चा है कि बोलेरो चालक खीरी राजवाहा पकड़ कर मौके से फरार हो गया। उक्त मनहूस समाचार मृतकों के घर पहुंचते ही घर पर सन्नाटा छा गया। वहीं महिलाएं चीखने और चिल्लाने लगी।मामले में खीरी थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि दोनों मृतक का शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।



## अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्षा अनुप्रिया पटेल का मनाया गया जन्मदिन

### केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के जन्मदिन पर कार्यकताओं ने दी बधाई

**रत्योरा।** विधानसभा कोरांव में अपना दल एस के कार्यकताओं ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री भारत सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यक्षा अपना दल एस अनुप्रिया पटेल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल के जन्मदिन पर भाजपा अपना दल एस गठबंधन के नगर पंचायत कोरांव से उम्मीदवार निवर्तमान चेयरमैन नरसिंह कुमार केसरी उर्फ गोपाल जी ने अपना दल एस के राष्ट्रीय सचिव रामजी सिंह पटेल के साथ केक काटकर खुशियां मनाई। इस दौरान कार्यकताओं ने एक दूसरे का मुंह भी मीठा कराया। सभी कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल को दीघार्यु होने व लगातार उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर होते रहने की कामनाएं भी की। इस मौके पर डॉ हरिश्चंद्र पटेल जिलाध्यक्ष चिकित्सा मंच, लाल शास्त्री पटेल जिला उपाध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष फूलचंद सिंह पटेल, शिव बालक कोल, मानिक चंद्र पटेल जिला सचिव, अनिल कुमार उर्फ कमलाकर पटेल, आयुश पटेल, हरे कृष्ण सिंह पटेल, विजय भाई पटेल आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष फूल चंद पटेल ने किया।

# जेल में बंद अतीक के बेटे अली के नाम से पंफ्लेट वायरल

### सीएम योगी और अखिलेश यादव पर लगाया आरोप

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के जेल में बंद बेटे अली के नाम से सोशल मीडिया पर पंफ्लेट वायरल होने पर शुक्रवार को हड़कंप मचा रहा। इसमें सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ सपा मुखिया अखिलेश यादव पर भी आरोप लगाए गए हैं। यह भी लिखा है कि पुलिस उसकी और उसकी मां का एनकाउंटर करने में लगी है। इन बातों का हवाला देकर वर्ग विशेष के लोगों से एक होने की अपील की गई है। पंफ्लेट में लिखा है आप सभी लोग हालात देख रहे हैं कि कैसे मेरे वालिद, मेरे चाचा अशरफ व भाई असद का एनकाउंटर कर दिया गया। अब हमको भी मारने की कोशिश की जा रही है। इसमें जितना हाथ भाजपा, योगी आदित्यनाथ का है, उतना ही समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव का है। मैं आप लोगों से गुजारिश करता हूं कि आप एक हो जाएं। आप लोगों के दिल में मेरे अब्बा के लिए थोड़ी भी जगह है तो आप लोग उनकी बात का ध्यान रखिए। इतना इशारा आप लोगों के लिए काफी है। अब हम किसी के बहकावे में नहीं आएंगे। पंफ्लेट में सबसे नीचे अली अहमद पुत्र मरहूम अतीक अहमद लिखा है। इसके अलावा सबसे ऊपर अतीक, अशरफ और अली की तस्वीर छपी है। इस पंफ्लेट के वायरल होने की खबर मिलने के बाद पुलिस अफसरों के भी कान खड़े हो गए। जुमे की नमाज को लेकर पुलिस पहले से अलर्ट थी। पंफ्लेट वायरल होने के बाद सतर्कता और बढ़ा दी गई। पुलिस जुमे की नमाज अदा होने तक लगातार सड़कों पर गश्त करती रही। उधर चौक स्थित जामा मस्जिद के बाहर आरएएफ तैनात की गई थी। इसके अलावा कमिश्नर रमित शर्मा भी वहां पहुंचे।

### चुनाव में फायदा उठाने की साजिश तो नहीं?

वायरल पंफ्लेट को लेकर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि कहीं यह निकाय चुनाव में फायदा उठाने के लिए कोई साजिश तो नहीं। दरअसल अतीक-अशरफ की हत्या के बाद से ही अली को जेल की हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया है। उसकी कड़ी निगरानी की जा रही है। उससे मिलने जुलने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। ऐसे में जेल से ऐसी कोई साजिश रचा जाना आसान नहीं। अतीक के परिवार ही नहीं बल्कि करीबी रिश्तेदार भी घर छोड़कर फरार हैं, जिससे उनका हाथ होने की संभावना भी बेहद कम है। पुलिस अफसरों का कहना है कि फिलहाल इसका पता लगाया जा रहा है कि पंफ्लेट कैसे वायरल हुआ।

## सूरज के पास खूबसूरत गोलाकार छल्ला देख लोग रहे आश्चर्यचकित



**झूंसी।** सूरज के चारो तरफ रंग बिरंगी खगोलीय संरचना देख हर कोई आश्चर्यचकित रहा और लोगो ने उसकी फोटो खींच कर शोसल मीडिया पर खूब शेयर कर अपना अपना विचार व्यक्त किया। बतादे की दो साल पहले भी मैरवा में देखा गया था। शुक्रवार की दोपहर आकाश में सूर्य की तपन कम थी हल्के बादल थे। अचानक कुछ लोगो की नजर सूर्य के चारो ओर फैले खूबसूरत गोलाकार पर पड़ी तो लोग उसकी तस्वीर अपने मोबाइल में कैद करने लगे और उसे अपने परिचितों को शेयर की साथ ही सोशल मीडिया पर भी शेयर कर अपना विचार रखा। लाल प्रभाकर सिंह ने लिखा कि जब सूर्य पृथ्वी से 22 डिग्री के कोण पर स्थित होता है। सूर्य के प्रकाश की किरणों के ऊपरी स्तर के पक्षाभ मेघों में उपस्थित बर्फ के क्रिस्टलों से होकर गुजरने पर प्रकाश का प्रकीर्णन होने के कारण प्रभामंडल में इन्द्रधनुषी रंग दिखाई देते है। रणविजय सिंह ने लिखा कि आज सूर्य देव का अद्भुत नजारा देखने को मिला। अंश यादव ने लिखा कि आज का दृश्य कुछ अलग ही दिख रहा है। इस तरह का भौगोलिक दृश्य मैरवा में कुछ लोगों ने 27 मार्च 2020 को देखा था। उस समय भी इसकी खूब चर्चा हुई थी। इसके बारे में जानने की कोशिश हुई। वास्तव में यह सूर्य और चंद्रमा का खूबसूरत गोलाकार प्रभामंडल होता है जो 22 डिग्री कोण पर एक दूसरे से मिलते हैं। यह नजारा सूर्य या चंद्रमा की रोशनी पर नहीं बल्कि एटमास्फेयरिक आइस क्रिस्टल और प्रकाश के परावर्तन से बनता है। इस घटना को 22 डिग्री हैलो प्रभाव भी कहा जाता है।

### नीले आसमान और सतरंगी छल्ले के बीच दिखा सूर्य

**नैनी।** शुक्रवार को नीले आसमान के बीच सतरंगी सूर्य लोगो के चर्चा का विषय बना हुआ है, सूर्य सतरंगी छल्ले में घिरा नजर आया। बहुत दिनों बाद दिखा यह नजारा लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। लोग तरह-तरह के आकलन लगा रहे है कही लोग इसको दैवीय आपदा से जोड़ रहे है तो वही कही कुछ लोग इसको चमत्कार मान रहे है। वही सोशल मीडिया पर इसके फोटो और वीडियो भी खूब वायरल हो रहे है प्रयागराज। शुक्रवार को सुबह करीब 110 बजे सूर्य की चारों ओर बना एक घेरा लोगों के लिए कौतूहल का विषय बन गया। जैसे ही गोलाकार आकृति दिखी लोग इसे मोबाइल कैमरे में कैद करने लगे मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार यह धरती से करीब 20 हजार फीट ऊपर पतले सिरस के बादल हैं। वह छोटे बर्फ के क्रिस्टल से बने होते हैं और इन्हें हम सन हॉलो के नाम से भी जानते हैं। घूरपुर मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक आकाश मिश्र के अनुसार आइस क्रिस्टल पर पड़ने वाली सूर्य की किरणों के रिप्लेक्शन की वजह से यह घेरा बना। गर्मी के दिनों में बनने वाला यह सन हॉलो एक सामान्य प्रक्रिया है। इसका किसी प्रकार का प्रभाव नहीं होता। इससे पहले 19 अप्रैल को भी यह सन हॉलो देखा जा चुका है।

### सूर्य का अदभुत नजारा देख लोग हैरतजदा, चर्चा का विषय

**मऊआइमा।** शुक्रवार को लगभग ग्यारह बजे से सूर्य के चारों ओर छल्ला देख लोग हैरजदा हो गए। सभी सडकों, छतों पर चढ कर अदभुत नजारा देखने में लग गए। चारों तरफ चचाओं का बाजार गर्म हो गया। जितने लोग उतनी किस्मत की बातें होने लगी। शुक्रवार सूर्य का अजब गजब नजारा देखते ही लोग चकित हो गए।कोई सूर्य के बीचों बीच चक्र जैसी आकृति कोई इन्द्र धनुष ,किसी ने उलका पिंड किसी ने विष्णु चक्र किसी अनहोनी की बात कह रहे हैं। जबकि कि वैज्ञानिकों के जानकार बताते हैं कि इन छल्लों को हलो कहा जाता है, ये चन्द्रमा और सूर्य दोनों अथवा चारों ओर विकसित होता है। वैज्ञानिक इन्हें 22डिग्री हेलो कहते हैं क्योंकि वे सूर्य अथवा चन्द्रमा के केन्द्रों से 22 डिग्री है। बताते हैं कि चन्द्र प्रभामंडल हमेशा एक पूर्ण चक्र होते हैं। यदि बादल आंशिक रूप से आपके दृश्य को बाधित करते हैं तो इस तरह नहीं देख सकते हैं। यह कोई अनहोनी नहीं है। यह मात्र संयोग है।

## यूआईएच एवं एनएसआईसी ने किया समझौता

**नैनी।** स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए यूनाइटेड इनक्यूबेशन हब, नैनी और नेशनल स्माल इंडस्ट्रीज कारपोरेशन, प्रयागराज ने गुरुवार को एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए वाइस चेयरमैन, युनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस सतपाल गुलाटी, प्रिंसिपल, यूआईटी प्रो. संजय श्रीवास्तव और मुख्य कार्यकारी अधिकार, यूआईएच शिवेश गौड़ और केंद्र प्रमुख, एनएसआईसी, भारत सरकार ज्योति निगोटिया ने गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस कोलैबरेशन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वाइस चेयरमैन ने कहा कि यह समझौता उद्यमिता विकसित करने, स्टार्टअप को प्रमाणित प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता प्रदान करने में मदद करेगा। इस अवसर पर प्रबंधक एनएसआईसी गौरव चतुर्वेदी, हेड यूआईएच अमिताभ श्रीवास्तव, प्रबंधक हर्षिता श्रीवास्तव, मानस पांडे और एलके मिश्रा मौजूद रहे।

# अतीक के राज उगलेगा वकील खान सौलत हनीफ

**अखंड भारत संदेश**



कोर्ट ने मंजूर की 14 दिन की न्यायिक हिरासत रिमांड मिलने के बाद होगी पूछताछ

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के हर बुरे काम में साए की तरह साथ देने वाला एडवोकेट खान सौलत हनीफ अतीक के काले कारनामों का कच्छा-चिट्?ठा खोलेगा। गुरुवार को प्रयागराज की सीजेएम कोर्ट से 14 दिन की न्यायिक हिरासत मंजूर होने के बाद पुलिस ने शुक्रवार को रिमांड के लिए अर्जी डाली है।रिमांड अर्जी मंजूर होने के बाद पुलिस खान सौलत हनीफ से अतीक की बेनामी संपत्तियों और काले कारनामों के बारे में पूछताछ करेगी। उमेश पाल मर्डर केस में भी उससे पूछताछ होगी।

**आखिर हनीफ को क्यों हुई उम्र कैद की सजा :**

प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट में इस बात के पुख्ता सुबूत थे कि उमेश पाल का अपहरण करके अतीक के चकिया स्थित कार्यालय में जब लाया गया था तो वकील खान सौलत हनीफ पहले से मौजूद थे। सौलत ने हलफनामे पर उमेश पाल से हस्ताक्षर करा लिए थे। इस कागज में अतीक अहमद के समर्थन में बयान लिखा हुआ था। इसके अलावा एक कागज भी दिया गया था, जिसमें चेतावनी दी थी कि वह कोर्ट में वही बयान दे जो कागज पर लिखा है। नहीं तो उसे मौत के घाट उतार दिया जाएगा।पुलिस की चार्जशीट में यह बात साफ लिखी हुई थी कि उमेश पाल के अपहरण केस की अतीक एडवोकेट खान सौलत हनीफ की पूरी जानकारी थी। इसी आधार पर प्रयागराज की विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट के जज डॉ. दिनेश चंद्र शुक्ला ने खान सौलत हनीफ को भी अतीक अहमद और दिनेश पासी के साथ उम्र कैद की सजा सुनाई। इसके अलावा एक ?100000 का जुमार्ना भी लगाया था।

**अब ये भी जानिए कि सौलत हनीफ कौन है :**

प्रयागराज के रहने वाले खान सौलत हनीफ सीनियर एडवोकेट हैं और लंबे समय से आतीक से जुड़े मुकदमे देखते रहे हैं। उन्होंने कई मामलों में अतीक अहमद की पैरवी की है। सत्र न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय तक हनीफ ही अतीक अहमद के मुकदमे लड़ा करते थे। अतीक अहमद को तीन दशक तक कोई सजा नहीं हो सकी तो उसके पीछे कहीं न कहीं खान सौलत हनीफ की भी भूमिका महती रही है।

## न्यूज झरोखा

### थाना प्रभारी बारा ने पेश की मानवता की संवेदनात्मक मिशाल



**बारा/लालापुर।** बारा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा ने आज मानवता की संवेदनात्मक मिशाल कायम की। जिसे हर देखने वालों की आंखों में आंसू भर आए। आपको बता दें कि अपने इकलौते बेटे और बहू की प्रताड़ना से तंग आकर एक 75 वर्षीय बुजुर्ग अपनी फरियाद लेकर थाने में पहुंचा था। बुजुर्ग ने बताया कि उसके बेटे और बहू ने उसे लात-घूंसों से मारा पीटा है, जिससे उसके शरीर में चोटें भी आई थी। उसने कहा कि तीन-चार दिन से उसे भोजन-पानी नही दिया गया है। यह सुनकर थाना प्रभारी बारा द्रवित हो गये। सर्वप्रथम मीठा खिलाकर उसे पानी पिलाया। इसके बाद भोजनालय ले जाकर भोजन कराया। भोजन के बाद बुजुर्ग की आंखों में आंसू भर आए। थाना प्रभारी बारा ने कहा कि दादाजी, आप चिंतित न हो, अभी आपका बेटा जीवित है। आप जीवन-पर्यंत प्रतिदिन सुबह-शाम थाने के भोजनालय में निशुल्क भोजन लीजिये। मेरे ट्रांसफर हो जाने के बाद भी आपके भोजन-पानी, कपड़ों की व्यवस्था बराबर करता रहूंगा। इसके बाद थानाध्यक्ष ने बुजुर्ग को 500 रुपये देकर कहा कि आप प्रतिदिन यहां आ जाया करिये। आप के नजरों में मुझे पिताजी की छाया दिखाई देती है। प्राथमिक विद्यालय से अपने घर नंगे पांव जा रहे दर्जनों बच्चों को थाना प्रभारी ने रोककर सभी बच्चों को उनके नाप की चप्पल खरीदने के लिए पैसे देकर मंगवाया, और सभी बच्चों को बिस्किट पानी पिलाकर विदा किया।थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा के इन संवेदनात्मक मानवीय मूल्यों की सराहना की जा रही है।

### जंघई बाजार में जाम लगने के कारण नागरिकों में आक्रोश



**जंघई।** जंघई- हंडिया मुख्य मार्ग पर लगने वाले जाम से आवागमन करने वालों के अलावा मुख्य बाजार में दुकानें संचालित करने वाले दुकानदारों की दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। जंघई बाईपास, स्टेट बैंक एवं बैंक आफ बड़ौदा, जंघई कालोनी आदि स्थानों पर सड़क पर अतिक्रमण के कारण, वाहनों को सड़क पर खड़ा करने के कारण रोज जाम लगता है।आम नागरिकों एवं बाजार में खरीददारी करने वाले ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।जंघई बाजार में पार्किंग न होने के कारण लोग सड़क पर बाइक चार पहिया वाहन खड़ा करके बाजार में खरीददारी करने चले जाते हैं। मुख्य बाजार काफी व्यस्त होने के साथ ही बेहद सकरा है जिससे छोटे-छोटे वाहन ही इस रास्ते से बड़ी मुश्किल में निकल पाते हैं। ऐसे में यदि कोई बड़ा वाहन इस रास्ते से निकल जाए तो जाम लगना तय होता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर बाद जाम की परेशानी और बढ़ जाती है दरअसल स्थानीय ग्रामीण बाजार खरीददारी करने आते हैं एवं बसों, ट्रकों के अलावा ऑटो, मैजिक वाहन, स्कूल वाहन बड़ी संख्या में बाजार में प्रवेश करते हैं। जो ज्यादातर मुख्य बाजार से निकलते हैं इस कारण मुख्य बाजार में जाम के हालात पैदा हो जाते हैं।पैदल चलने वाले, दो पहिया वाहन एवं साइकिल सवार कई बार गिर कर चुटहिल हो जाते हैं जाम लगने के कारण लोगों को परेशानी होती है।

### 72 दिन से हैं हड़ताल पर...

# नहीं हुई सुनवाई तो इच्छा मुत्यु मांगेगे सिटी बस संविदाकर्मी

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ प्रयागराज के बैनर तले चल रही सिटी बस के संविदाकर्मियों की हड़ताल 72वें दिन शुक्रवार को भी जारी रही। कोषाध्यक्ष अंकित श्रीवास्तव ने बताया कि आज भूख हड़ताल पर पांच सदस्य रामकृष्ण मिश्र, अजय कुमार सिंह, अंबिकेश जायसवाल, अवधेश कुमार तथा संजय सिंह यादव बैठे।कहा गया कि क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा आगरा-मथुरा की तर्ज पर समायोजन की प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है। इसके साथ ही कर्मचारियों के अनशन स्थल पर कोई वार्ता करने के लिए भी नहीं आ रहा है। इससे हड़ताली कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सीटू के जिला सचिव अविनाश मिश्र, दयाशंकर यादव, शंभू यादव तथा मोहन ने बताया कि राष्ट्रपति को दो बार पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु मांगी जा चुकी है।

**फिटनेस न होने से 90 से ज्यादा सिटी बसें हो गई हैं बंद :** 90 से ज्यादा सिटी बसें फिटनेस न होने की वजह से बंद हो गई हैं। इस वजह से उससे जुड़े संविदा कर्मियों के समक्ष रोजगार संकट आ गया है। कर्मचारियों की मांग है कि बसों की फिटनेस बढ़ाई जाए या उन्हें परिवहन निगम की बसों में लगाया जाए। बृहस्पतिवार 16 फरवरी की सुबह से ही सात कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे हैं। बताया जाता है कि 90 से ज्यादा खटारा बसों को परिवहन विभाग से फिटनेस नहीं मिला। इसके कारण इन्हें वर्कशाप में खड़ाकर दिया गया है।

## दो पक्षों में मार पीट में दर्ज हुआ मुकदमा

**मऊआइमा।** कुत्ता काटने को लेकर दो पक्षों में जम कर मार पीट हो गई। पुलिस ने एक पक्ष से एससी एसटी, दूसरे पक्ष की ओर से ईट से चोट पहुंचाने का मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के सिसवां गांव निवासनीय सीतादेवी पत्नी ज्ञान चन्द्र सरोज का आरोप है कि उसके पडोस के कुत्ते ने उसके पुत्र और बकरे को काट लिया उलहना देने पर जाति सूचक गालियां दिए। सीता देवी ने संदीप कुमार पटेल ओर राम लखन पटेल के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दिया है। जबकि दूसरे पक्ष के संदीप कुमार पुत्र राम लखन का आरोप है कि उक्त लोग कुल्हाड़ी लेकर कुत्ते को मारने की कोशिश की तथा ईट पथर चलाए। जिससे चोटें आई है।

# संत अंथोनी में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

## डीएम व सीडीओ ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण, सकुशल और निष्पक्षता पूर्ण संपन्न कराने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन संत एंथोनी इंटर कॉलेज प्रतापगढ में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण स्थल पर प्रशिक्षण का निरीक्षण डॉ नितिन बंसल जिला अधिकारी प्रतापगढ़ एवं ईशा प्रिया, मुख्य विकास अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी कार्मिक प्रतापगढ़ ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया।


संत अंथोनी में आयोजित प्रशिक्षण में टिप्स देते अधिकारी।

इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मतदान की गोपनीयता को बनाए रखने में सभी सहयोग दें एवं स्वतंत्र और निष्पक्ष रुप से मतदान संपन्न कराएं। मतदान केंद्रों पर और मतदान बूथ पर स्मार्टफोन का प्रयोग पूर्णतया वर्जित रहेगा। मतदान करते समय किसी भी मतदाता की फोटो ना तो खींची जाएगी ना तो उसके खींचने की अनुमति दिया जाएगा। उन्होंने विस्तार पूर्वक निर्वाचन की प्रक्रिया के बारे में बताया एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने मतदान कार्मिकों से प्रश्न भी किया और उसके समुचित जवाब भी प्राप्त किए।

इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी प्रतापगढ़ त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला विकास अधिकारी प्रतापगढ़ ओम प्रकाश मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ डॉ ओपी राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ भूपेंद्र सिंह,उप जिला अधिकारी प्रतापगढ़ रामनारायण यादव, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह,प्रधानाचार्य राजकीय उमावि इमली डांड प्रतापगढ़ डॉ सालिक राम प्रजापति, डॉ मो अनीस, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज प्रतापगढ़ राज कुमार सिंह, संतोष कुमार मिश्र, प्रचार प्रसार अधिकारी अफीम कोठी एएन द्विवेदी, नीरज मिश्रा, सुशील सिंह आदि रहे। मास्टर ट्रेनर में प्रमुख रूप से रहे। डॉ मोहम्मद अनीस, प्रभाकर सिंह, राजेश सिंह, अनिल कुमार निलय, सनी देओल, अशोक वैश, राजकिशोर, शाहिद मुराद, नसीमुद्दीन, टी आर सिंह आदि एवं अनिल सिंह और अशोक शुक्ला सहित समस्त टेक्निकल मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत चुनाव मे उड़ाई जा रही आचार्य संहिता की धज्जियां

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** इन दिनों नगर पंचायत मानिकपुर, कुंडा, हीरागंज व डेरवा में हो रहे नगर पंचायत चुनाव मे खुलेआम आचार्य संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही है जब कि धारा 144 जिला प्रशासन द्वारा लागू किया गया है जिसका प्रसार प्रचार में कोई असर नही दिखाई दे रहा है खुलेआम उम्मीदवार के समर्थक भारी संख्या में प्रसार प्रचार करते दिखाई दे रहे है। चिल चिलाती धूप की परवाह न करते हुए अपने प्रत्याशी को विजयी घोषित कर रहे है। उधर मतदाता अपनी चुप्पी साधे बैढ़ी हुई है कि जल्दी मतदान का दिन आये और हम अपने मताधिकार का प्रयोग सही प्रत्याशी को कर सके। चुनाव प्रसार प्रचार मे जितना उत्साह समर्थको मे उतना शायद उम्मीदवार मे नही दिख रहा है। सभी उम्मीदवार प्रत्याशी के समर्थक अपनी अपनी जीत का दावा करने की बात कर रहे है लेकिन किसी ने मतदाता के मन की बात जानने की कोशिश नही कर रहे है जो भी वोट मांगने जाता है सभी को वोट देने का आश्वासन देते है अब देखना है कि मतदाता की चुप्पी चुनाव परिणाम मे क्या रंग दिखाती है।

# शस्त्र जमा कराने के फरमान पर सरगर्मी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** निकाय चुनाव को लेकर शस्त्र जमा कराने को लेकर शासन के फरमान पर प्रशासन को हलाकान देखा जा रहा है। पुलिस इलाके भर मे शस्त्र के लाइसेंसधारियों के शस्त्र जमा करने के लिए दिन रात मशक्कत मे पसीना बहा रही है। वहीं लोगों में यह चर्चा इस बार देखी जा रही है कि नगर पंचायत सीमा के बाहर के भी निवासियों को भी शस्त्र जमा करने के पुलिसिया फरमान के क्या मानक बनाये गये है। पुलिस आंकडो को दुरूस्त करने के लिए लालगंज ही नही सर्किल के थानों मे भी असलहाधारियों को शस्त्र जमा करने की हिदायत देती देखी जा रही है। अधिवक्ताओं को भी लाइसेंसी शस्त्र जमा किये जाने की पुलिस की सूचना को लेकर शुक्रवार को तहसील परिसर में माहौल सरगर्म देखा गया। वहीं दूसरी ओर लोगों को तहसील से सीओ कार्यालय तक शस्त्र जमा न करने के प्रार्थना पत्रो के साथ दौड भाग मे भी मशगूल देखा गया।

# कातिलाने हमले में घायल युवक ने तोड़ा दम, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद मे कातिलाने हमले मे जीवन और मौत से संघर्ष कर रहे युवक की शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गयी। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। वही लीलापुर पुलिस के भी हाथ पांव फूल उठे दिखे। युवक की हत्या को लेकर शुक्रवार को मृतक के गांव मे भारी फोर्स तैनात की गयी है। वहीं हत्यारों की धरपकड़ के लिए पुलिस की चार टीमें भी लगातार हाथ पांव चला रही है। लीलापुर थाने के घरौरा अजगरा रानीगंज निवासी रामसुमेर के पुत्र श्रीराम ने इधर पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि सत्ताईस अप्रैल को दिन मे साढे ग्यारह बजे उसका पुत्र अशोक कुमार वर्मा घर से रानीगंज अजगरा आ रहा था। घरौरा चैराहे पर एक स्कूल के समीप अशोक पहुंचा कि जमीनी विवाद को लेकर गांव के छोटे लाल वर्मा के पुत्र समरजीत वर्मा, मंगरू वर्मा के पुत्र अनिल वर्मा तथा कल्लू के पुत्र अनुज वर्मा, रामलखन वर्मा के पुत्र प्रिंस कुछ अज्ञात साथियों के साथ उसके पुत्र पर जानलेवा फायर कर दिया। अशोक के सीने व शरीर मे चार गोलियां लगी। गंभीर रूप से घायल अशोक को इलाज के लिए प्रयागराज मेडिकल कालेज भेजा गया। शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान अशोक की मौत हो गयी। मौत की सूचना आते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। वहीं लीलापुर पुलिस भी आवाक रह गयी। एहतियातन गांव में भारी फोर्स की तैनाती की गयी है। मृतक का शव अभी पीएम के लिए प्रयागराज से घर नही पहुंच सका था। सीओ रामसूरत सोनकर का कहना है कि आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गयी है। मुकदमें में हत्या की धारा की बढोत्तरी भी की गयी है। बतादें घटना को लेकर गुरूवार को जिले के एसपी सतपाल अंतिल भी घटनास्थल पहुंचे थे। एसपी ने लीलापुर पुलिस को घटना के आरोपियो की धरपकड के लिए अल्टीमेटम भी दे रखा है।

## वकीलों ने शहीद जवानों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**लालगंज, प्रतापगढ़।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बल के जवानों पर नक्सली हमले को लेकर अधिवक्ताओं ने सभा के माध्यम से आक्रोश जताया है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अध्यक्षता में हुई शोकसभा मे जवानो की शहादत पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक में नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए सरकार से सख्त कदम उठाए जाने की मांग की गयी है। वकीलो ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी एसडीएम उदयभान सिंह को सौपा। संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल, दिनेश सिंह, संतोष पाण्डेय, विनोद मिश्र, उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह, लाल राजेन्द्र सिंह, रामलगन यादव, टीपी यादव, संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, रामलखन शर्मा, सुमित त्रिपाठी, शैलेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, रामकुमार पाण्डेय, कुलदीप तिवारी आदि अधिवक्ता रहे।

# संत अंथोनी में बने मतदान केन्द्र में डाले गये पोस्टल मतपत्र

## पुलिस कर्मियों व चुनाव ड्यूटी में लगे लोगों ने किया मतदान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के संत अंथोनी इंटर कालेज में बने मतदान केन्द्र में आज शुक्रवार को नगर पालिकाध्यक्ष, सभासद व टाउन एरिया के अध्यक्ष, सभासद के लिये पोस्टल बैलट मतपत्र मतपेटिका में डाले गये। बता दें कि संत अंथोनी इंटर कालेज में प्रषिक्षण स्थल के समीप ही पोस्टल मतपत्र डालने का मतदान केन्द्र बनाया गया है जहां आज सुबह से ही चुनाव ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों एवं पुलिसजन पोस्टल मत डालने के लिये वहां पहुंचे थे।


संत अंथोनी में मतदान करते पुलिस कर्मी व अन्य कर्मचारी।

बता दें कि पोस्टल मतदाताओं की अलग से मतदाता सूची बनी है। पोस्टल मतपत्र डालने के लिये आज वही व्यवस्था की गई थी जो मतदान के दिन की जाती है।

कर्मचारियों व पुलिसजनों के अलावा कुछ षिक्षकों ने भी मतदान किया क्योंकि उनकी भी ड्यूटी इस चुनाव में लगी है। इस पोस्टल बैलट मतदान केन्द्र का निरीक्षण जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, सीडीओ ईषा प्रिया ने किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी राय, जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह के अलावा अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

# बीकाम भाग तीन की मौखिकी परीक्षा एक मई को

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव की जारी विज्ञप्ति के अनुसार बी0 काम0 भाग तीन सत्र 2022-23 की मौखिकी परीक्षा महाविद्यालय केंद्र पर एक मई 2023 को समय 10:30 बजे से आयोजित की गई आप जिसमे छविराजी देबी महाविद्यालय शुकुलपुर सांगीपुर तथा दयाशंकर जगदीश बहादुर महा विद्यालय लोहडी प्रतापगढ़ के परीक्षार्थियों की परीक्षा सम्पन होगी। शांति पूर्ण ढंग से परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए कालेज प्रशासन ने उड़न दस्ते की टीम भी बनाई हुई है जो बीच बीच मे कमरों मे जाकर निगरानी करेंगे।

# नगर पंचायत चुनाव को देखते हुए जमा हो रहे थाने मे असलहे

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत मे होने वाले चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन थाना क्षेत्र के शस्त्र धारको के असलहे जमा करा रहे है ताकि पड़ोसी थाना क्षेत्र मानिकपुर व कुंडा हीरागंज डेरवा मे शस्त्र धारक अपना असलहा का प्रयोग न कर सके और शांति पूर्ण ढंग से नगर पंचायत का चुनाव सम्पन्न हो सके नवाबगज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी का कहना आप कि शांति पूर्ण ढंग से चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए असलहे जमा कराये जा रहे है जिसमे कुल 345 साक्षेप असलहे मे लगभग 125 असलहे थक तक जमा हो गये जो शत प्रतिशत चुनाव के पहले पूरे हो जाएंगे।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमण्डल इस बार भाजपा प्रत्याषी के साथ नहीं

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष कुलदीप सिंह के संयुक्त नेतृत्व में दोनों व्यापार मंडल के अन्य सभी पदाधिकारियों एवं नगर के सम्मानित सैकड़ों व्यवसायियों व आम जनमानस के साथ नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष प्रत्याशी के चयन हेतु बैठक पंजाबी मार्केट के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसाई मनोज उमरवैश्य के सियाराम एंड संस वस्त्रालय पर संपन्न हुई।

व्यापार मंडल के संयुक्त बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों एवं सम्मानित व्यापारियों ने निवर्तमान पालिका अध्यक्ष पद प्रत्याशी पर पूर्व में लगभग 27 वर्षों से पालिका अध्यक्ष पद पर काबिज रहने वाले हरिप्रताप सिंह

## व्यापारियो ने बैठक कर बनाई रणनीति

का विरोध करने का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी पदाधिकारियों व व्यापारियों एवं आम-जनमानस ने आक्रोश व्यक्त करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष चुनाव में परिवर्तन की बात कही। संयुक्त व्यापार मंडल के उपस्थित पदाधिकारियों ने व्यापारियों व आम जनमानस के हित हेतु परिवर्तन लाते हुए, नगर के ईमानदारी से विकास का काम करने वाले किसी अन्य प्रत्याशी के चयन की बात स्वीकार की। बैठक में मुख्य रूप से अभय खंडेलवाल, संजय सोनी, प्रभारी-अर्पित खंडेलवाल, राहुल केसरवानी, संजीव जयसवाल, सुरेश चंद्र केसरवानी, मोहम्मद चांद, अख्तर राइन, उबैद उल्ला जाफरी, शकील अख़्तर, श्रवण मखीजा, पंकज केसरवानी, मो. शाहिद, गोपाल केसरवानी, कदीर अहमद, अमित केसरवानी, राहुल श्याम गुप्ता, अली हुसैन, कुन्दन सोनी, मो. फरहान, प्रवीण केसरवानी, सुनील जायसवाल, दिनेश केसरवानी, अंजनी गुप्ता, पवन कुमार, गोविन्द गुप्ता, मनीष, पवन गल्लामंडी गोली, विनय अजीत नगर, सरदार कुलविंदर सिंह, अरविंद केसरवानी, जसवीर सिंह, प्रिंस, सरदार वसिंदर सिंह आदि अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# राजकीय इंटर कालेज के मैदान की सफाई में लगे 50 कर्मी

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां तेज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक मई को प्रस्तावित प्रतापगढ़ आगमन को लेकर तैयारियां जोरों पर है। राजकीय इंटर कालेज के मैदान में आज शुक्रवार को नगर पालिका के 50 सफाई कर्मी कालेज के मैदान को साफ कर रहे थे।


राजकीय इंटर कालेज के मैदान में साफ-सफाई करते कर्मचारी।

बता दें कि राजकीय इंटर कालेज के पूरे मैदान में घास, पेड़ व गंदगी का अम्बार लगा है जिसको साफ करने में नगर पालिका के कर्मचारी शुक्रवार को सुबह ही राजकीय इंटर कालेज के मैदान में पहुंच गये थे। ये सफाई कर्मचारी छोटे पेड़ों व घासों की कटाई के साथ ही मैदान में फैली गंदगी को हटा रहे थे। इस बारे में नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि ईओ राम अचल कुरील के निर्देषन में शुक्रवार को दिन भर सफाई कर्मचारी राजकीय इंटर कालेज के मैदान की सफाई करते रहे। बता दें कि इसी राजकीय इंटर कालेज के मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक मई को नगर पालिका के चुनाव में भाजपा प्रत्याषी हरिप्रताप सिंह व अन्य टाउन एरिया प्रत्याषियों व सभासदों के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

## आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म तथा धमकी एवं पास्को एक्ट का केस दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे लेकर न्यायालय भेज दिया है। लालगंज के पीडिता ने दी गई तहरीर मे कहा है कि चैबीस अप्रैल को रात्रि सवा सात बजे उसकी सोलह वर्षीया बेटी को गांव के टयूबवेल के पास आरोपी ने जबरदस्ती पकड़कर दुष्कर्म किया। आरोपी ने दुष्कर्म की शिकायत कहीं करने पर किशोरी को परिवार सहित जान से मार देने की धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चकोदर गांव निवासी मान सिंह पटेल के पुत्र बड़कू उर्फ सुरेश कुमार के विरूद्ध दुष्कर्म व धमकी का केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को लेकर मुकदमें मे पास्को एक्ट भी शामिल किया गया है।

# महिलाओं ने हरिप्रताप को विजयी बनने का दिया आषीर्वचन

## रामानुज आश्रम पहुंची पूर्व नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रामानुज आश्रम में गंगा सप्तमी पर सुहागिन स्त्रियों ने गंगा जी एवं अवसान माता का विधिवत पूजन अर्चन किया। महिलाओं ने अवसान माता की कथा का श्रवण भी किया। महिलाओं ने आपस में ही अवसान माता के महत्व का वर्णन करते हुए कहा कि अवसान मां सभी की


महिलाओं से मुलाकात करतीं पूर्व नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह।

मनोकामनाएं पूर्ण करती है। इस दौरान आयोजिका परम श्री वैष्णव नारायणी रामानुज दासी ने पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह को अंगवस्त्रम एवं भगवान श्री जगन्नाथ का महाप्रसाद प्रदान करके नगर पालिका के चुनाव में उनके पति हरिप्रताप सिंह को विजयी बनने का आशीर्वचन प्रदान किया।

समस्त महिलाओं ने एक स्वर से अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनीता पांडे, प्रतिभा भगवन, डॉ अवंतिका पांडे, इंजीनियर पूजा पांडे, मीना सिंह, नीलम सिंह प्रबंधक, रुचि केसरवानी, प्रमिला शुक्ला, कुसुम गुप्ता, पिंकी दयाल, चंद्रावती शुक्ला, इंद्रावती सिंह, प्रतिभा, अंजू सिंह, विमला शुक्ला, ज्ञान दुबे, शोभा देवी त्रिपाठी, अंजू सिंह, सीमा, सावित्री देवी, रेनू सिंह, रितु पांडे, सरिता शुक्ला, नीता सिंह, आरती त्रिपाठी, आशा ओझा, प्रतिभा मिश्रा, गायत्री शुक्ला, माधुरी सिंह सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# उप राष्ट्रपति धनखड़ से मिले विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी

## संसद में जनापेक्षी विमर्श का माहौल बनाने के लिए सौंपे सुझाव

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संसद में राष्ट्रीय विकास के मुददो तथा जनापेक्षी विषयों पर चर्चा का माहौल बनाने के लिए राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने उप राष्ट्रपति एवं सदन के सभापति जगदीप धनखड को महत्वपूर्ण सुझाव सौपे।


उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

संसद की कार्यवाही को निर्धारित करने वाली महत्वपूर्ण कार्यमंत्रणा समिति के सदस्य होने के नाते भी उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी के साथ उप राष्ट्रपति भवन में संसद मे कामकाज का माहौल और बेहतर बनाने के लिए विपक्षी दलों की ओर से अभिमत मांगा। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं उप राष्ट्रपति धनखड़ के बीच गर्मजोशी से हुई मुलाकात के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों मे विधायी ढांचे को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए सकारात्मक चर्चा हुई। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रमोद तिवारी से अपने वृहद विधायी ज्ञान के अनुभव को संसदीय कार्यवाही को विधायिका के आदर्श प्रस्तुतीकरण मे मजबूत दिशा दिये जाने में भी सहयोग मांगा। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने राज्यसभा के सभापति को संसदीय कार्यवाही में सरकार को जनता के प्रति जबाबदेह बनाए रखने के लिए विपक्ष को अधिकाधिक जनसमस्याओं पर अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता को केन्द्रित किये जाने पर उनका ध्यानाकर्षण किया। उप राष्ट्रपति के साथ सांसद प्रमोद तिवारी की हुई विशेष द्विपक्षीय विमर्श की जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

## बोर्ड परीक्षा में टॉपर को संस्थान से मिलेगी निशुल्क शिक्षाः डॉ. विनय

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के बाबागंज के पूरे बुद्धीधर स्थित बीडी इण्टर कालेज में यूपी बोर्ड परीक्षा के परिणाम के तहत विद्यालय के मेधावी के जिले में टाप टेन में सफलता को लेकर खुशी जतायी गयी। विद्यालय के छात्र आदर्श पटेल को आठवें स्थान की उपलब्धि मिलने पर प्रबन्ध निदेशक डा. विनय द्विवेदी ने माल्यार्पण एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं प्रबन्ध निदेशक ने मेधावी आदर्श की सफलता पर संस्थान ने उसे उच्च शिक्षा ग्रहण करने तक निशुल्क शिक्षा प्रदान किये जाने का अनुपम उपहार दिया गया। प्रबन्ध निदेशक की मेधावियों के हौसला आफजाई को लेकर इस घोषणा पर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे दिखे।

# मेधावियों को विद्यालय में किया गया सम्मानित

## हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट के मेधावी हुए शामिल

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के नौलाखी देवी सोमवंशी इंटरमीडिएट कॉलेज में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें वर्ष 2023 में हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले 10 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अभिभावकों की मौजूदगी में मेडल देकर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया इस दौरान विद्यालय के स्टाफ सहित सभी अध्यापक मौजूद रहे।

पट्टी तहसील क्षेत्र के नौलाखी देवी सोमवंशी इंटरमीडिएट कॉलेज भरोखन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे पूर्व शिक्षक महाबल वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया। उसके बाद वर्ष 2023 की परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले सर्वोच्च 5 विद्यार्थियों जिसमें हाईस्कूल की परीक्षा में ऊर्जा पटेल 94 प्रतिशत, स्वाति विश्वकर्मा 92 प्रतिशत, प्रिंसी 91 प्रतिशत, मुस्कान 91 प्रतिशत, अवनीश 80 प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट में सृष्टि सिंह 85 प्रतिशत, 85 प्रतिशत, योगमाया 82 प्रतिशत, स्वाति तिवारी 81 प्रतिशत, हिमांशु 81 प्रतिशत को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व शिक्षक हवलदार सिंह ने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है अभिभावक के रूप में मौजूद संजय वर्मा ने कहा की पुस्तक रूपी दीपक विद्यालय रूपी बाती तथा शिक्षक रूपी तेल से ही सफलता रूपी प्रकाश चारों तरफ फैलता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य राजपति विश्वकर्मा प्रधानाध्यापक अनुराग सिंह, घनश्याम मौर्य, कुसुम वर्मा, रामकृपाल यादव अशोक राव, हरिश्चंद्र वर्मा, सुभाष वर्मा, राजेश वर्मा, गजाधर वर्मा, उमाशंकर यादव, सुनील मिश्रा, अरविंद यादव, मुकेश यादव, अशोक गुप्ता, इंद्रेश वर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन महावीर वर्मा ने किया।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### मतदान के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**कौशाम्बी।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) सुजीत कुमार ने उ0प्र0 शासन के निदेशानुसार नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 में जनपद की 02 नगर पालिका परिषद- मंझनपुर एवं भरवारी तथा 08 नगर पंचायत-पूरब पश्चिम शरीरा, करारी, सराय अकिल, चायल, चरवा, सिराथू, दारानगर कड़ाधाम एवं अझुवा में मतदान दिवस के दिनाक 04.05.2023 को मतदान प्रक्रिया में प्रतिभाग करने के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

### प्रेक्षक का 29 अप्रैल को आगमन

**कौशाम्बी।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के पर्यवेक्षण के लिए राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 द्वारा नियुक्त मा0 प्रेक्षक अरविन्द कुमार चौहान, उपाध्यक्ष, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, प्रयागराज का दिनांक 29 अप्रैल 2023 को मुख्यालय आगमन होगा, जो मान्यवर कांशीराम गेस्ट, हाउस के गंगा सूट में ठहरेंगे। यह जानकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) जयचन्द्र पाण्डेय ने देते हुए बताया कि प्रेक्षक के लाइजेन अधिकारी सौरभ चतुर्वेदी, सहायक अभियन्ता, आर0ई0डी0 का सम्पर्क नम्बर-8287425322 है।

# नलकूप पर सो रहे युवक का बेरहमी से कत्ल

## नलकूप पर पूर्व में रखवाली करने वाले से युवक की हुई थी नोकझोंक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के कोटिया गांव में नलकूप की छत में सो रहे एक नौकर का बड़ी बेरहमी से कत्ल कर दिया गया है जब सुबह परिजन नलकूप पर पहुंचे तो खून से लथपथ शव देखकर दहाड़ मार कर रोने लगे मामले की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर घटनास्थल पर थाना पुलिस पहुंची और मौका मुआयना करने के बाद युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। घटनाक्रम के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के कोटिया गांव निवासी प्रेम उम्र 32 वर्ष पुत्र बड़े लाल गांव के ही एक नलकूप में रखवाली का काम करता है। रोज की तरह गुरुवार की रात 8 बजे खाना खाकर वह नलकूप में सोने के लिए गया था शुक्रवार की सुबह वह उठकर जब घर नहीं पहुंचा तो नाश्ता लेकर परिजन सुबह 9 बजे नलकूप पर पहुंचे। जहां प्रेम की लाश खून से लथपथ चारपाई पर पड़ी थी। उसके चेहरे व पेट पर गंभीर घाव के निशान थे। चारों ओर बिखरा खून हत्याकांड की विभीषिका को बयां कर रहा था। लाश देख कर परिवार में कोहराम मच गया युवक की हत्या की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मौके से फॉरेंसिक टीम ने फिंगर प्रिंट व अन्य सबूत घटना स्थल से जुटाए हैं जिस नलकूप में मृतक रखवाली करता था इस नलकूप में इसके पूर्व दूसरा व्यक्ति रखवाली करता था जिसे नलकूप मालिक ने हटा दिया था इस बात को लेकर पूर्व में रखवाली करने वाले से युवक की नोकझोंक भी हुई थी। पुलिस के मुताबिक मौत के घाट उतारे गए युवक प्रेम के चार बेटे व तीन बेटियां हैं। वह मेहनत मजदूरी और नलकूप की रखवाली कर मिलने वाले रुपए से अपने घर का खर्च चलाता था, हत्या के पीछे परिवार ने किसी तरह की रंजिश से साफ इनकार किया है।

पुलिस प्रेम की हत्या से जुड़े सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है मृतक युवक के चेहरे व पेट पर गहरे जख्म के निशान है इंस्पेक्टर सराय अकिल विनीत सिंह ने बताया कि घटनास्थल से शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। पंचायतनामे में पुलिस ने शव के चेहरे व पेट पर गहरे जख्म होने की बात दर्ज की है। हत्या के पीछे परिजन किसी प्रकार की रंजिश की आशंका नहीं जता रहे हैं। पीएम रिपोर्ट के पश्चात हत्या के कई कारण स्पष्ट होने की संभावना है। पुलिस का कहना है कि परिवार की तहरीर के अनुसार केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



युवक की हत्या के बाद लाश कब्जे में लेती पुलिस

# भरवारी कस्बे में कई दिन पुराना सड़ा गला मिला युवक का शव

## घटना के आसपास प्रतिदिन पुलिस की ड्यूटी होने के बाद कई दिन से शव पड़े होने के बाद नहीं लग सकी पुलिस को भनक

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में युवक का कई दिन पुराना सड़ा गला शव मिला है जहां पर शव मिला है उसके आसपास प्रतिदिन पुलिस की ड्यूटी लगती है लेकिन कई दिन से शव पड़े होने के बाद भी पुलिस को भनक नहीं लग सकी जब शव से दुर्गंध उठने लगी तो आसपास के लोगों को आशंका हुई और उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो युवक का शव पड़ा था जो कई दिन पुराना लगता था कस्बे में शव पड़े होने की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है काफी प्रयास के बाद युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी जिससे आशंका जताई जाती है कि युवक कहीं बाहर का है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के,रेलवे लाइन से 20 मीटर दूर सब्जी की दुकान के पीछे शुक्रवार की सुबह युवक का कई दिन पुराना सड़ा गला शव मिलने की सूचना पर लोगो की भीड़ लग गई,शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस और रेलवे पुलिस ने शव के शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी रेलवे क्रासिंग के पास की है जहा सुबह मजदूर मजदूरी के लिए खड़े रहते है,एक मजदूर ने सब्जी की दुकान के पीछे एक युवक का पैर दिखाई पड़ने पर शोर मचाया तो मौके पर भीड़ लग गई,लोगो की सूचना पर रेलवे पुलिस और भरवारी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।



घटनास्थल पर कार्यवाही करती पुलिस

## भाजपा नेताओं के बीच आपसी खींचतान का फायदा सपा के भरवारी प्रत्याशी को मिल सकता है!

### समाजवादी पार्टी भरवारी प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व कबीना मंत्री आज करेंगे जनसभा

**कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी सुनीता सरोज के समर्थन में पूर्व काबीना मंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज नगर पालिका भरवारी क्षेत्र के रसूलपुर गिरसा चौराहे पर एक चुनावी जनसभा को 29 अप्रैल 2023 को दोपहर बाद 3:00 बजे संबोधित करेंगे इस दौरान चायल विधायक पूजा पाल जनसभा में मौजूद रहेंगी उक्त जानकारी पूर्व नगर अध्यक्ष कैलाश केसरवानी ने दी है उन्होंने लोगों से जनसभा में शामिल होने की अपील की है। जिले के बड़े नेताओं में इंद्रजीत सरोज शामिल हैं पूर्व के चुनावी अनुभव बताते हैं कि पूर्व काबीना मंत्री इंद्रजीत सरोज की सभा के बाद जिले की चुनावी गुणा गणित बदल जाती है नगर पालिका परिषद भरवारी में भाजपा ने पूर्व बसपा विधायक दयाराम पासी की बहू को नगर पालिका से अध्यक्ष प्रत्याशी बनाया है बसपा से राजनीति करने वाले दयाराम को पूरा समर्थन इंद्रजीत सरोज का रहता था अब इंद्रजीत सरोज समाजवादी पार्टी के नेता है तो बसपा के पूर्व विधायक दयाराम पासी की बहू का भाजपा में क्या जनाधार होगा यह नगर के लोगों के बीच चर्चा का विषय है भरवारी बाजार से हमेशा दूरी बनाए रखने वाले पूर्व विधायक दयाराम और उनके परिजनों को भरवारी कस्बे के मतदाता कैसे पसंद करेंगे यह मतदाताओं के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है भाजपा नेताओं के बीच आपसी खींचतान का फायदा समाजवादी पार्टी के भरवारी प्रत्याशी को मिल सकता है।

### निर्माणाधीन नव निर्मित सड़कों की गुणवत्ता का जिला पंचायत सदस्य लेंगे स्थलीय जायजा

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी सिराथू ब्लॉक में हाल में बनी और अर्धनिर्मित सड़को की गुणवत्ता का शनिवार को स्थलीय जायजा लेंगे। क्षेत्रीय ग्रामीणों की शिकायत को संज्ञान लेते हुए अजय सोनी ने बताया कि सिराथू ब्लॉक में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही और बनाई गई सड़को में मानक को दरकिनार कर विभाग के ठेकेदारों द्वारा मनमानी की जा रही है। जिसे लेकर शनिवार को मेरे द्वारा शनिवार को क्षेत्र की कई सड़को का स्थलीय जायजा लिया जाएगा।

# मतदान कार्मिकों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

### 04 अनुपस्थित मतदान कार्मिकों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी/ प्रभारी अधिकारी कार्मिक डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी के नेतृत्व में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए आज दूसरे दिन एम0वी0 कॉन्वेन्ट स्कूल एण्ड कॉलेज, ओसा में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। मतदान कार्मिकों को 02 पालियों-प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली-अपरान्ह 02 बजे से 04 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम पाली में 56 पोलिंग पार्टियों के कुल 224 मतदान कार्मिकों एवं द्वितीय पाली में 56 पार्टियों के कुल 224 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना था, जिसमें द्वितीय पाली में कुल 04 मतदान कार्मिक यथा- चौकीदार लो0नि0वि0 निर्माण खण्ड सोनू सिंह, बेलदार लो0नि0वि0 निर्माण खण्ड प्रेमचन्द्र, सहायक अध्यापिका नम्रता कुमारी तथा सहायक अध्यापक प्रवीण सिंह अनुपस्थित पाये गये, जिस पर मुख्य विकास धिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में महत्वपूर्ण टिप्स देते मुख्य विकास अधिकारी





प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित कर्मी

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) सुजीत कुमार ने नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए आज दूसरे दिन एम0वी0 कान्वेन्ट स्कूल एवं कॉलेज, ओसा में मतदान कार्मिकों को दिये जा रहें द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण कर जायजा लिया जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी पीठासीन अधिकारियों से कहा कि हैण्डबुक भली-भॉति पढ़ लिया जाय तथा आयोग द्वारा जारी निदेर्शों एवं गाइडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतदान निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न करायी जाय इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम एसपी ने किया पीएसी बल के साथ थाना सैनी का फूट मार्च

## आचार संहिता के नियमों और शर्तों का अनुपालन करने के लिए दिए निर्देश



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव-2023 के दृष्टिगत जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक उपजिलाधिकारी सिराथू क्षेत्राधिकारी सिराथू व आईटीबीपी फोर्स द्वारा पीएसी क्यूआरटी एवं थाना सैनी पुलिस बल के साथ चुनाव को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराने हेतु थाना सैनी क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत सिराथू में फूट मार्च किया गया तथा फूटमार्च के दौरान नगर वासियों को चुनाव आचार संहिता के नियमों और शर्तों का अनुपालन करने के लिए जागरूक किया गया और बिना किसी भय और प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अभिप्रेरित किया गया और दुकानदारों से सड़क पर अतिक्रमण न करने के संबंध में वार्ता की गई साथ ही व्यापारियों से बातचीत कर भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया एवं सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा भ्रमण के दौरान मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं को चेक किया गया इस दौरान हिस्ट्रीशीटरों के घर जाकर चेक किया गया एवं संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### चुनाव को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु थाना पिपरी क्षेत्र में एएसपी ने किया गया फूट मार्च

**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव 2023 के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी चायल द्वारा थाना पिपरी पुलिस बल के साथ चुनाव को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराने हेतु थाना पिपरी क्षेत्र में नगर पंचायत चायल, नगर पंचायत पीपल गांव अंतर्गत कटहुला गौसपुर में फूट मार्च किया गया तथा फूटमार्च के दौरान नगर वासियों को चुनाव आचार संहिता के नियमों और शर्तों का अनुपालन करने के लिए जागरूक किया गया और बिना किसी भय और प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अभिप्रेरित किया गया और दुकानदारों से सड़क पर अतिक्रमण न करने के संबंध में वार्ता की गई साथ ही व्यापारियों से बातचीत कर भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया एवं सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा भ्रमण के दौरान मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं को चेक किया गया एवं संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



### पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने क्षेत्र में लहराया टापर का परचम

**कौशबी।** पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड गर्ल्स कालेज पूरामुफ्ती के विद्यार्थी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अच्छे अंक प्राप्त कर अपने गुरुजन एवं अभिभावकों का मान - सम्मान समाज में बढ़ाया है। यूपी बोर्ड द्वारा जैसे ही हाई स्कूल एवं इंटर का परीक्षा परिणाम जारी हुआ परीक्षा परिणाम देखकर पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल के समस्त अध्यापकगण गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और समस्त अध्यापकगण बच्चों के ऊपर की गई मेहनत सफल होने का अहसास कर रहे हैं। पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल के प्रबंधक प्रभु शंकर शुक्ला ने कहा कि बच्चे जिस तरह से हाई स्कूल एवं इंटर में अंक प्राप्त किए हैं वह बहुत ही प्रशंसनीय है इसका पूरा श्रेय पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल के अध्यापकगण एवं बच्चों के अभिभावकों को जाता है। प्रबंधक प्रभु शंकर शुक्ल ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल के बच्चे शत/ प्रतिशत अंक प्राप्त करने के मामले में क्षेत्र में टॉपर का परचम लहराया है। क्षेत्र में टापर का परचम लहराने वाले बच्चों को प्रबंधक प्रभु शंकर शुक्ल बधाई देते हुए भविष्य उज्ज्वल होने की कामनाएं की। इंटर में मानसी चंद्रा 83 प्रतिशत, प्रियंका कुशवाहा 82 प्रतिशत, शिवानी मिश्रा 81प्रतिशत, प्रियंका कुमारी 78 प्रतिशत अंक हासिल किए। हाई स्कूल में अदीबा बानो 93 प्रतिशत, वंश केशरवानी 93 प्रतिशत, रचित यादव 91 प्रतिशत, शिवम सिंह 90 प्रतिशत सहित आदि बच्चों ने अच्छे अंक प्राप्त किए हैं।

## न्यूज झरोखा

### चरवा थाना अध्यक्ष ने प्रत्याशियों की बुलाई बैठक, दिए आवश्यक निर्देश



**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव आदर्श चुनाव संहिता का कड़ाई से पालन हेतु चरवा थाना अध्यक्ष ने थाना प्रांगड़ में नगर निकाय चुनाव में नगर पंचायत चरवा के अध्यक्ष एवम सभासद प्रत्याशियों की एक आवश्यक बैठक बुलाई इस बैठक में थाना अध्यक्ष अलोक कुमार ने क्रमवार महत्वपूर्ण सुझाव और दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा सार्वजनिक स्थानों,धार्मिक स्थलों में कोई भी प्रत्यासी अपना पोस्टर नही चिपकायेगा हर हाल में आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करेगा मोटरसाइकिल जुलूस में सीमा से अधिक लोग सवारी नही करेंगे,जबरिया किसी के घर प्रतिष्ठान में पोस्टर नही लगाएंगे, रोड़ को किसी तरह बाधित नही करेंगे,कोई अवैध कार्य करता है उसकी सिफारिश नही करेंगे रैली ,जुलूस बिना परमिशन के कोई प्रत्यासी नही निकलेगा किसी प्रत्यासी ने आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया तो सम्बंधित धाराओं में कार्रवाई की जाएगी,इस अवसर पर प्रमुख पार्टी भाजपा,सपा,बसपा के प्रतिनिधि सहित निर्दलीय प्रत्याशियों के प्रतिनिधि एवम अधिकतर सभासद प्रत्यासी मौजूद रहे।

### दल्ली के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक दिखा भाजपा प्रत्यासी के लिए मांगा वोट



**अझुवा कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव में अपने पक्ष में मतदान कराने के लिए प्रत्याशी हरसंभव जतन कर रहे हैं। घर-घर जनसंपर्क कर वोटों की जुगाड़ के साथ सोशल नेटवर्किंग साइट पर भी टीम को सक्रिय रखा है। गुजरे दौर में भीड़ जुटाने के कुछ तरीके भी देखने को मिल रहे है। ऐसा ही एक तरीका है नुक्कड़ नाटक। नगर पंचायत अझुवा में भारतीय जनता पार्टी की महिला प्रत्यासी शांती देवी कुशवाहा के समर्थन में आज शुक्रवार से रोजाना अलग-अलग जगह नुक्कड़ नाटक शुरू हो रहे हैं। नाटक करने वालों में कॉलेज में पढ? वाले युवाओं के साथ रंगमंच के कुछ कलाकार भी शामिल हैं आमतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क से पहले भीड़ जुटाने के लिए नुक्कड़ नाटकों का सहारा लिया जाता रहा है। इस बार नगर निकाय चुनाव में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में भी नुक्कड़ नाटकों का बोलबाला दिख रहा है।आम पब्लिक भीड़ की शक्ल में उमड़ती है। भाजपा प्रत्यासी के लिए नुक्कड़ नाटक करने वाले कलाकार योगी-- मोदी के डबल इंजन सरकार की साल दर साल विकास समझाने की कोशिश कर रहे हैं, नुक्कड़ नाटक के कलाकार पूजा निर्वान बताती हैं कि ऐसे नाटकों के जरिए आम जनता को गंभीर मुद्दे आसानी से समझाए जा सकते हैं।



### इमाम अहमद रजा कांफ्रेंस में दिया गया इल्म प्राप्त करने पर जोर

**करारी कौशाम्बी।** गुवारा तैयबपुर स्थित मदरसा दारुल उलूम खादिम सफी में बीती रात इमाम अहमद रजा कॉनफेरेन्स मनाई गई जिसकी अध्यक्षता शहर काजी मुफ़्ती खुशनूद आलम एहसानी रजवी साहब ने की और अपने बयान में इल्म प्राप्त करने और ज्यादा से ज्यादा पढ़ते हुए आगे बढ़ने पर जोर दिया उन्होंने कहा की हमारे पैगम्बर पर जो सबसे पहली आयत उतरी उसमे ही इल्म प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। मुख्या अतिथि हजरत मौलाना मुर्शिद अली हबीबी साहब ने हदीस की रौशनी में इल्म प्राप्त करने का महत्त्व बताया और कहा की हमारे पैगम्बर ने फरमाया है की इल्म रौशनी है अगर तुम्हे चीन तक जाना पड़े तब भी इल्म सीखो हाफिज रियाज और मौलाना मुजाहिद हबीबी ने अपनी जादू भरी आवाज से सबका दिल जीत लिया और नात और मन्कबत का नजराना पेश किया उसके बाद गरीबों की मदद और समाज सेवा करने वाली संस्था शैख ए मिल्लत मिशन टीम को शहर काजी के हाथों पुरुस्कार से सम्मानित किया गया संस्था के अध्यक्ष हाफिज राहत ने सम्मान पुरुस्कार प्राप्त करने बाद कहा की हमें इससे और हौसला मिला है हम अब और अपने समाज और गरीब लोगों की सहायता में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे सलाम का नजराना पेश करने के बाद शहर काजी की दुवा पर महफिल खतम हुई।

# भाजपा प्रत्यासी ने चुनाव में झोंकी पूरी ताकत सैकड़ों बाइक रैली निकाल मांगा समर्थन

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव की तारीख ज्यों ज्यों नजदीक आ रही है प्रत्यासी और उनके समर्थक जनसंपर्क में जुटे हुए हैं हर घर जन सम्पर्क ,पैदल,मोटरसाइकिल,रैली निकालकर मतदाताओं को रिझा रहे हैं अपनी शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं उस कड़ी में आज शुक्रवार नगर पंचायत अझुवा भाजपा प्रत्यासी शांती देवी कुशवाहा प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा अपने कार्यकताओं और पार्टी पदाधिकारियों के साथ सैकड़ों बाइक रैली निकालकर नगर में अपनी जीत सुनिश्चित करने का डंका बजाया है मौके पर हजारों की भीड़ मौजूद रही है ।यहां यह बताना होगा 2012 के चुनाव में नगर पंचायत अझुवा से निर्दलीय प्रत्यासी के रूप में इन्होंने बड़ी जीत दर्ज की थी वहीं 2017 के चुनाव में अपना प्रत्यासी खड़ा करवाकर निर्दलीय प्रत्यासी को जीत दिलाई थी इनके पास व्यापारी वर्ग का बड़ा समूह है जो आज की बाइक रैली में नजर भी आया है बाइक रैली वार्ड नं 12 नयानगर से शांतिनगर। वार्ड नं 6 कृष्णा नगर ,वार्ड नं 2अम्बेडकर नगर होते हुए वार्ड नं 8 गांधीनगर अमिरतापुर,टाण्डा रोड वार्ड नं 7 बहुआ,वार्ड नं 5 बीच का पुरवा,अजमतपुर रसूलपुर मढियामई किराना गली होते हुए भारतीय जनता पार्टी कार्यालय नवज्योति इंटर कालेज पर समाप्त हुआ है। बाइक रैली में प्रमुख रूप से करन सिंह, चुन्नू केसरवानी, गुड्डू दराना, सुरेश केसरवानी, विक्की केसरवानी, प्रदीप केसरवानी, अनिल केसरवानी, हीरालाल मौर्य, प्रशांत केसरवानी, अनुराग केसरवानी, भैया लाल मौर्य, ननका स्वर्णकार, सोनू अग्रहरी, बन्टूल मौर्य, बबलू मौर्य, शिव प्रताप मौर्य, फूलचन्द्र केसरवानी, अजय केसरवानी, संजय केसरवानी सहित हजारों लोग मौजूद रहे।



जन संपादकीय

## नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जरूरत

**लीजिए,** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में एक और नक्सली हमला हो गया, जिसमें 10 पुलिसकर्मी शहीद हो गए। इस लोमहर्षक घटना से कुछ दिन पहले ही कश्मीर के पूंछ जिले में आतंकियों के हमले में सुरक्षा बलों के 5 वीर जवान शहीद हो गए थे। देखा जाए तो ऐसे कुख्यात कारनामों की एक लंबी फेहरिस्त है, जिसके लिए कहीं न कहीं इस देश की क्षुद्र सियासत जिम्मेदार है। जबकि हमारे वीर जवानों की बेशकीमती शहादत एक स्थायी नियति बन चुकी है, जिसे रोकने के लिए अमृतकाल में कुछ ऐसे विषतुल्य उपाय करने होंगे, ताकि आतंकियों-नक्सलियों से पहले उनके पालक-पोषक काल के गाल में समा जाएं। जैसा कि अंडरवर्ल्ड सरगनाओं, बाहुबलियों, अपराधियों, माफियाओं व उनके हमदर्द के साथ उत्तरप्रदेश में हो रहा है। यह गति जितनी तेज होगी, राम राज्य लौटने की गारंटी उतनी मजबूत होगी। क्योंकि 'लोकतांत्रिक' हराम राज्य ने हमा रे सुरक्षा बलों और अमनपसंद लोगों का जीना दुश्वार कर रखा है। सवाल है कि ऐसी घटनाएं तभी क्यों होती हैं, जबकि कहीं कोई चुनाव होने वाला होता है, हो रहा होता है या फिर क्षेत्र विशेष में कोई महत्वपूर्ण वीवीआईपी बैठक या मूवमेंट होने वाली होती है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि हमारे देश के नक्सलियों के तार चीन-नेपाल से जुड़े रहते हैं तो आतंकवादियों के तार पाकिस्तान व कनाडा से। अन्य पड़ोसी देशों और अंतर्राष्ट्रीय माफिया देशों से भी उनके तार जुड़े रहते हैं। ऐसे में स्वाभाविक है कि अपने गॉड फादर के इशारे पर वो कुछ न कुछ करेंगे ही, क्योंकि उनकी भी रोजी-रोटी, जीवन-मरण का सवाल होता है। हां, उससे भी ज्यादा सोचने-समझने वाली बात है कि प्रिंट, टीवी, वेब मीडिया पर डींगें हांकने वाले हमारे नेता-अधिकारी तब क्यों टांय टांय फिस्स कर जाते हैं, जबकि कोई बड़ी आतंकी या नक्सली घटनाएं प्रकाश में आ जाती हैं। इन हृदय विदारक घटनाओं पर लगाम इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि हताहतों के बीबी-बच्चों के जीवन लगभग बर्बाद हो जाते हैं। जैसे जैसे हिंसक घटनाओं में इजाफा होते हैं, इनकी भी त्रासदी सामने आती जाती है, इसलिए इस मनोवृति पर निर्णायक चोट करना वक्त की मांग है। इस राह में यदि हमारी संसदीय प्रणाली और न्यायपालिका की कुछ ज्बातें सामने आ रही हैं, तो भी हमारे प्रतिरक्षा नायकों को यह सोचना-समझना पड़ेगा कि आखिर इस क्षुद्र वैचारिक दांवपेंच में वो कबतक अपने साथियों, मातहतों की बलि चढ़वाते रहेंगे। मेरा मकसद किसी को भड़काने का नहीं है, बल्कि उस उत्तरदायित्व बोध का एहसास करवाने का है, जिसे जगाए बिना इन घटनाओं पर काबू पाना असंभव है। सच कहूं तो दुनिया के इस कथित सफल लोकतंत्र में कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के जो दांवपेंच एक मीडिया कर्मी के तौर पर मैं समझता आया हूँ, उसका सार सत्य यह है कि इस तिकड़ी ने अपने लिए उच्चस्तरीय सुविधाओं की गारंटी तो सुनिश्चित कर रखी है, लेकिन अपनी नैसर्गिक जिम्मेदारियों को वह या तो समझ नहीं पा रही है या फिर एक दूसरे के ऊपर फेंककर अपने जनहितकारी कर्तव्यों की इतिश्री समझ बैठती है। आजादी के अमृतकाल में उन्हें इस परम्परावादी दृष्टिकोण से मुक्त होना होगा और पारस्परिक सहमति व सूझबूझ से कुछ ऐसे निर्णायक पहल करने होंगे, जिससे सबके सुख-शांति की गारंटी उसी तरह से सुनिश्चित की जा सके, जैसे कि 1 तारीख को इन्हें मिलने वाला वेतन सुनिश्चित होता है। वह हमेशा बढ़ता ही है, कभी घटता नहीं! क्या अपने कभी सोचा है कि आतंकी व नक्सली घटनाओं पर शतप्रतिशत काबू पाने में हमारी नौकरशाही और उसपर आश्रित हमारी पुलिस व सैन्य व्यवस्था क्यों विफल रही है।शायद इसलिए विफल रही, क्योंकि हमारे विश्वविद्यालयों से लेकर लोकतांत्रिक व्यवस्था तक में इन नक्सलियों-आतंकियों के 'शुभचिंतक' मौजूद हैं, जिन्हें पहचानने में हमारी कार्यपालिका के और उन्हें सजा देने में हमारी न्यायपालिका के हाथ शायद इसलिए बंधे हुए हैं कि इनके 'सफेदपोश संरक्षक' हमारी संसद और विधानमंडलों में बैठे हुए हैं, जिन्हें पहचानना मुश्किल नहीं है, लेकिन इनकी शिनाख्त करने वाले जिम्मेदार लोग भी तो 'चोर चोर मौसेरे भाई' समझे जा रहे हैं। बदलते समय के हिसाब से यह टिप्पणी थोड़ी तल्ख जरूर है, लेकिन एक जनशिक्षक यानी पत्रकार के रूप में सिस्टम को देखने के जो पेशेवर अवसर प्राप्त हुए हैं, उसके आधार पर यदि यह कड़वा सच नहीं बोला जाए तो यह उन अमरशहीद आत्माओं के साथ घोर अन्याय होगा, जिन्होंने उस राष्ट्र की रक्षा के लिये अपने प्राणों की आहुति दे दी, जिसके आस्तीन के सांप अपनी जातीय-सांप्रदायिक-क्षेत्रीय मनोवृति के साथ इस सिस्टम में ही मौजूद हैं। वह जाति मुक्त समाज, धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र और अखंड भारत के चाहे जितने स्वांग रच लें, लेकिन वे उन रणनीतिकारों में शामिल हैं या उन्हें प्रभावित करने की कुव्वत रखते हैं, जिनके बूते यह देश चलता है।

सच कहूं तो इसके लिए वे अंतर्राष्ट्रीय हथकंडे को भी अपनाने में गुरेज नहीं करते हैं, अन्यथा ऐसा कतई नहीं होता कि आतंकवादी और नक्सली हमारे सुरक्षाबलों को लीलते रहें और उनके नेटवर्क की कमर न तोड़ी जा सके। लेकिन सत्ता पक्ष और विपक्ष की जो दुश्वारियां हैं, उनके दृष्टिगत कुछ घटनाएं हमारी बदनीयती बन चुकी हैं और आजादी के अमृतकाल खंड में यदि ऐसी मनोवृतियों पर काबू नहीं पाया जा सका तो बूढ़ा भारत कभी भी दम तोड़ देगा और उसकी राख पर आतंकी-नक्सली फले-फूलेंगे, पड़ोसी मित्र देश अफगानिस्तान की तरह। बता दें कि दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़ के उन दस नक्सल ग्रस्त जिलों में से एक है, जिसमें बस्तर, बीजापुर, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, राजनांदगांव और सुकमा आदि शुमार किये जाते हैं, क्योंकि ये सभी जिले माओवादियों के वेश वाले नक्सलियों से बुरी तरह से प्रभावित हैं। सुरक्षा मामलों के जानकारों की मानें तो छत्तीसगढ़ राज्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा उस "लाल गलियारा" यानी रेड कॉरिडोर के अंतर्गत आता है जो बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, छतीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना आदि से मिलकर बनता है, जिसे माओवादियों का प्रभाव क्षेत्र कहा जाता है।

# पोषण का रामबाण है भारत का पशुधन

**डॉ प्रियंका सौरभ**

**पशुपालन का तात्पर्य पशुधन पालने और** चयनात्मक प्रजनन से है। यह जानवरों का प्रबंधन और देखभाल है जिसमें लाभ के लिए जानवरों के अनुवांशिक गुणों और व्यवहार को और विकसित किया जाता है। भारत का पशुधन क्षेत्र दुनिया में सबसे बड़ा है। लगभग 20.5 मिलियन लोग अपनी आजीविका के लिए पशुधन पर निर्भर हैं। सभी ग्रामीण परिवारों के औसत 14% की तुलना में छोटे कृषि परिवारों की आय में पशुधन का योगदान 16% है। पशुधन दो-तिहाई ग्रामीण समुदाय को आजीविका प्रदान करता है। यह भारत में लगभग 8.8% आबादी को रोजगार भी प्रदान करता है। भारत में विशाल पशुधन संसाधन हैं। पशुधन क्षेत्र 4.11% सकल घरेलू उत्पाद और कुल कृषि सकल घरेलू उत्पाद का 25.6% योगदान देता है। पशुधन आय ग्रामीण परिवारों के लिए आय का एक महत्वपूर्ण माध्यमिक स्रोत बन गया है और किसानों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



पशुधन किसानों की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत में किसान मिश्रित कृषि प्रणाली को बनाए रखते हैं यानी फसल और पशुधन का संयोजन जहां एक उद्यम का उत्पादन दूसरे उद्यम का इनपुट बन जाता है जिससे संसाधन दक्षता का एहसास होता है। पशुधन विभिन्न तरीकों से किसानों की सेवा करता है। पशुधन भारत में कई परिवारों के लिए सहायक आय का एक स्रोत है, विशेष रूप से संसाधन गरीब जो जानवरों के कुछ सिर रखते हैं। दूध की बिक्री के माध्यम से गायों और भैंसों को दूध देने से पशुपालकों को नियमित आय प्राप्त होगी। भेड़ और बकरी जैसे जानवर आपात स्थितियों जैसे विवाह, बीमार व्यक्तियों के इलाज, बच्चों की शिक्षा, घरों की मरम्मत आदि को पूरा करने के लिए आय के स्रोत के रूप में काम करते हैं। जानवर चलती बैंकों और संपत्ति के रूप में भी काम करते हैं जो मालिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करते हैं। भारत में कम साक्षर और अकुशल होने के कारण बड़ी संख्या में लोग अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर हैं। लेकिन कृषि प्रकृति में मौसमी होने के कारण एक वर्ष में अधिकतम 180 दिनों के लिए रोजगार प्रदान कर सकती है। कम भूमि वाले लोग कम कृषि मौसम के दौरान अपने श्रम का उपयोग करने के लिए पशुओं पर निर्भर करते हैं। पशु उत्पाद जैसे दूध, मांस और अंडे पशुपालकों के सदस्यों के लिए पशु प्रोटीन का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं। दूध की प्रति व्यक्ति उपलब्धता लगभग 355 ग्राम/दिन है; अंडे 69/वर्ष है; जानवर समाज में अपनी स्थिति के संदर्भ में मालिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हैं। परिवार विशेष रूप से भूमिहीन जिनके पास जानवर हैं, उनकी स्थिति उन लोगों की तुलना में बेहतर है जिनके पास पशु नहीं हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में शादियों के दौरान जानवरों को उपहार में देना एक बहुत ही सामान्य घटना है। पशुपालन भारतीय संस्कृति का अंग है। जानवरों का उपयोग विभिन्न सामाजिक धार्मिक कार्यों के लिए किया जाता है। गृह प्रवेश समारोहों के लिए गायें; उत्सव के मौसम में बलिदान के लिए मेढ़े, हिरन और चिकन; विभिन्न धार्मिक कार्यों के दौरान बैल और गायों की पूजा की जाती है। कई मालिक अपने जानवरों से लगाव विकसित करते हैं। पशुपालन लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है। पशुधन उत्पादन में श्रम की तीन-चौथाई से अधिक मांग महिलाओं द्वारा पूरी की जाती है। पशुधन क्षेत्र में महिलाओं के रोजगार की हिस्सेदारी पंजाब और हरियाणा में लगभग 90% है जहां डेयरी एक प्रमुख गतिविधि है और जानवरों को स्टाल-फेड किया जाता है। बैल भारतीय कृषि की रीढ़ की हड्डी हैं। भारतीय कृषि कार्यों में यांत्रिक शक्ति के उपयोग में बहुत प्रगति के बावजूद, भारतीय किसान विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी विभिन्न कृषि कार्यों के लिए बैलों पर निर्भर हैं। बैल ईंधन पर काफी बचत कर रहे हैं जो यांत्रिक शक्ति जैसे ट्रैक्टर, कंबाइन हार्वेस्टर आदि का उपयोग करने के लिए एक आवश्यक इनपुट है। बैलों के अलावा देश के विभिन्न भागों में सामान ढोने के लिए ऊंट, घोड़े, गधे, खच्चर आदि जैसे पैक जानवरों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है। पहाड़ी इलाकों जैसी स्थितियों में माल परिवहन के लिए खच्चर और टट्टू ही एकमात्र विकल्प के रूप में काम करते हैं। इसी तरह, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में विभिन्न वस्तुओं के परिवहन के लिए सेना को इन जानवरों पर निर्भर रहना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर का उपयोग कई उद्देश्यों के लिए किया जाता है जिसमें ईंधन (गोबर के उपले), उर्वरक (खेत यार्ड खाद), और प्लास्टरिंग सामग्री (गरीब आदमी की सीमेंट) शामिल हैं।

> बल्कि समकालीन परिदृश्य में एक आवश्यकता है। इसके सफल, टिकाऊ और कुशल कार्यान्वयन से हमारे समाज के निचले तबके की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पशुपालन को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, कृषि, शोध और पेटेंट से जोड़ने से भारत को दुनिया का पोषण शक्ति केंद्र बनाने की हर संभव क्षमता है। पशुपालन भारत के साथ-साथ विश्व के लिए अनिवार्य आशा, निश्चित इच्छा और अत्यावश्यक रामबाण है

कृषि पशुओं की उत्पादकता में सुधार करना प्रमुख चुनौतियों में से एक है। भारतीय मवेशियों की औसत वार्षिक दुग्ध उपज 1172 किलोग्राम है जो वैश्विक औसत का लगभग 50 प्रतिशत है। खुरपका और मुंहपका रोग, ब्लैक क्वार्टर संक्रमण जैसी बीमारियों का लगातार प्रकोप; इन्फ्लुएंजा, आदि पशुधन स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं और उत्पादकता को कम करते हैं। भारत में जुगाली करने वालों की विशाल आबादी ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में योगदान करती है। शमन और अनुकूलन रणनीतियों के माध्यम से ग्रीनहाउस गैसों को कम करना एक बड़ी चुनौती होगी। विभिन्न प्रजातियों की आनुवंशिक क्षमता को बढ़ाने के लिए विदेशी स्टॉक के साथ स्वदेशी प्रजातियों का क्रॉसब्रीडिंग केवल एक सीमित सीमा तक ही सफल रहा है। कृत्रिम गभार्धान के बाद खराब गभार्धान दर के साथ मिलकर गुणवत्ता वाले जर्मप्लाज्म, बुनियादी ढांचे और तकनीकी जनशक्ति में कमी के कारण सीमित कृत्रिम गभार्धान सेवाएं प्रमुख बाधाएँ रही हैं। इस क्षेत्र को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों पर कुल सार्वजनिक व्यय का लगभग 12 प्रतिशत प्राप्त हुआ, जो कि कृषि सकल घरेलू उत्पाद में इसके योगदान की तुलना में अनुपातहीन रूप से कम है। वित्तीय संस्थानों द्वारा इस क्षेत्र की उपेक्षा की गई है। मांस उत्पादन और बाजारः इसी तरह, वध सुविधाएं अपर्याप्त हैं। कुल मांस उत्पादन का लगभग आधा अपंजीकृत, अस्थायी बूचड़खानों से आता है। पशुधन उत्पादों के विपणन और लेनदेन की लागत बिक्री मूल्य का 15-20 प्रतिशत अधिक है। बढ़ती आबादी के साथ, खाद्य मुद्रास्फीति में लगातार वृद्धि, किसानों की आत्महत्या में दुर्भाग्यपूर्ण वृद्धि के बीच भारत की अधिकांश आबादी का प्राथमिक व्यवसाय कृषि है, पशुपालन का अभ्यास अब एक विकल्प नहीं है, बल्कि समकालीन परिदृश्य में एक आवश्यकता है। इसके सफल, टिकाऊ और कुशल कार्यान्वयन से हमारे समाज के निचले तबके की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पशुपालन को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, कृषि, शोध और पेटेंट से जोड़ने से भारत को दुनिया का पोषण शक्ति केंद्र बनाने की हर संभव क्षमता है। पशुपालन भारत के साथ-साथ विश्व के लिए अनिवार्य आशा, निश्चित इच्छा और अत्यावश्यक रामबाण है।

# भाजपा को द. भारत के तमाम राज्यों में अपनी की तलाश

**अशोक**

**आज देश** में भाजपा का परचम लहरा रहा है। उत्तर प्रदेश से लेकर मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र तक भाजपा की सरकार है। पूर्वोत्तर में भी कमल खिल चुका है। उत्तर भारत के जिन राज्यों में अभी वह सत्ता में नहीं है, वहां प्रमुख विपक्षी दल है। पश्चिम बंगाल में भी ऐसा ही है। लेकिन अभी भी भाजपा का विजय रथ दक्षिण में जाकर बार-बार रुक जा रहा है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा इस बार दक्षिण विजय के लिए सारे समीकरण साध रही है। दक्षिण में जमीन मजबूत करने में जुटी भाजपा के लिए मुश्किल है कि आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भाजपा का आधार बहुत कमजोर है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में भाजपा के पास एक भी लोकसभा सीट नहीं है। वहीं, आंध्र प्रदेश और केरल में तो पार्टी का एक विधायक भी नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनाव में आंध्र प्रदेश में भाजपा को महज 1 फीसदी वोट मिले थे। दक्षिण के एक और महत्वपूर्ण राज्य केरल में भाजपा पूरा जोर लगा रही है लेकिन उसे सफलता नहीं मिल रही है। भाजपा का यहां पर कोई विधायक नहीं है। ऐसा तब है जब उसके मातृसंगठन आरएसएस की यहां पर 4500 से ज्यादा शाखाएं लगने का दावा किया जाता है। केरल में भी हिंदूवादी पार्टी होने का तमगा भाजपा के लिए मुश्किल बन रहा है। राज्य में एक प्रभावी आबादी ईसाई समुदाय की है और भाजपा की नजर इसी पर है। हाल ही में कांग्रेस नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी के पार्टी में शामिल होने से भाजपा को उम्मीद है कि वह इस समुदाय को अपने पाले में खींचने में सफल होगी।

मिशन साउथ के तहत भाजपा ने दक्षिण भारत के तमाम राज्यों में अपनी जमीन तलाशनी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री मोदी समेत तमाम बड़े नेताओं की नजर इन राज्यों पर टिकी है। जेपी नड्डा और अमित शाह के नेतृत्व में इसके लिए पूरी रणनीति भी तैयार हो चुकी है, जो हमें अब देखने को मिल रही है। हाल ही में अमित शाह का तेलंगाना में मुस्लिम रिजर्वेशन को खत्म करने का ऐलान इसी का एक उदाहरण है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के तुरवनंतपुरम में रोड शो किया और राज्य के लिए करोड़ों की परियोजनाएं शुरू कीं। केरल दक्षिण का ऐसा राज्य है, जहां भाजपा किसी भी हाल में घुसपैठ करना चाहती है, इसके लिए अब ईसाई और मुस्लिम वोटों को साधने की कोशिश हो सकती है। आइए जानते हैं कि केरल जैसे राज्य में भाजपा क्या संभावनाएं तलाश रही है और यहां का चुनावी गणित क्या है। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह अगर कुछ भी कहते हैं या करते हैं तो इसके पीछे कोई बड़ा कारण होता है। ठीक इसी तरह जब 9 जनवरी को ईस्टर के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी अचानक दिल्ली के सेक्रेड कैथेड्रल कैथोलिक चर्च पहुंचे तो उन्होंने सभी को चौंका दिया। बाद में इस कदम को केरल से जोड़ा गया, जहां ईसाईयों की आबादी काफी ज्यादा है। कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी साउथ में भगवा लहराने के लिए अल्पसंख्यकों की आउटरीच को बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री के इस कदम को भाजपा की हिंदुत्ववादी छवि को तोड़ने वाला भी बताया गया। यानी भाजपा अब सिर्फ हिंदू वोटर्स तक सीमित न रहकर सभी वर्गों में अपना वोट बैंक बनाने की कोशिश कर रही है।

भाजपा के मिशन साउथ के तहत प्रधानमंत्री मोदी दो दिन पहले केरल पहुंचे थे। जहां उन्होंने तिरुवनंतपुरम में एक बड़ा रोड शो किया। इस रोड शो के दौरान उन्होंने अपने काफिले से उतरकर पैदल चलने का फैसला किया, इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी को साउथ इंडियन लिबास में देखा गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने कई बड़े चर्चों के पादरियों से भी मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में राज्य के लोग भाजपा को स्वीकार करेंगे। इसके लिए उन्होंने गोवा, मेघालय और नागालैंड जैसे राज्यों का उदाहरण दिया, जहां बड़ी ईसाई आबादी है और उसके बावजूद भाजपा को सियासी जमीन मिल गई। एक तरफ जहां भाजपा कर्नाटक और तेलंगाना जैसे राज्यों में खुलकर मुस्लिम आरक्षण पर कैंची चलाने की बात कर रही है, वहीं केरल में ऐसा कुछ कहना पार्टी के लिए घातक हो सकता है। क्योंकि यहां की सत्ता के रास्ते को ईसाई और मुस्लिम वोट ही तय करते हैं। भाजपा आलाकमान को ये अच्छी तरह से पता है। यही वजह है कि जब 2020 में केरल लोकल बॉडी के इलेक्शन हुए थे तो भाजपा की तरफ से 600 से ज्यादा मुस्लिम और ईसाई उम्मीदवारों को मैदान में उतारा गया था। हालांकि इसमें मुस्लिमों की संख्या 112 ही थी। बाकी ईसीई समुदाय के उम्मीदवार थे। अब सवाल ये है कि जो भाजपा नॉर्थ के सभी राज्यों में किसी भी मुस्लिम उम्मीदवार को उतारने में यकीन नहीं रखती है और इसे खुलकर डिफेंड भी करती है, उसके लिए केरल में क्या मजबूरियां हैं। इसका सीधा जवाब ये है कि केरल में मुस्लिम और ईसाई समुदाय की आबादी 45 फीसदी है। जिसमें भाजपा पिछले कई दशकों में सेंध नहीं लगा पाई। अब भगवा पार्टी के चुनावी पंडितों का मानना है कि इस 45 फीसदी के बिना केरल में घुसना मुमकिन नहीं है। क्योंकि हिंदू वोटों का कितना भी ध्रुवीकरण हो जाए ये भाजपा को जीत तक नहीं पहुंचा सकते हैं। हिंदू वोटों के बड़े हिस्से पर कांग्रेस और लेफ्ट का भी कब्जा है। ऐसे में लोकसभा चुनाव से पहले अल्पसंख्यकों को लुभाने की हर कोशिश की जा रही है।

केरल में भाजपा के लिए जगह बना पाना इसलिए भी मुश्किल है, क्योंकि यहां कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ और लेफ्ट सीपीएम के एलडीएफ का अपना-अपना मजबूत वोट बैंक है। जिस 45 फीसदी वोट बैंक बात की जाती है, यानी अल्पसंख्यक वोट बैंक कांग्रेस नेतृत्व वाले यूडीएफ का माना जाता है। ईसाई और मुस्लिम ज्यादातर इसी फ्रंट को चुनते हैं। वहीं केरल की पिछड़ी जातियों में लेफ्ट का काफी ज्यादा प्रभाव माना जाता है। केरल में हिंदू वोट करीब 55 फीसदी है, जिनके वोट एलडीएफ और यूडीएफ के बीच बंटे हुए हैं। पिछले चुनावों में भाजपा का केरल के नायर समुदाय में वोट बैंक बढ़ा है। सबरीमाला के मुद्दे के बाद से ही ये समुदाय भाजपा की तरफ झुकता नजर आया। केरल की कुल आबादी में नायर समुदाय करीब 15 फीसदी हिस्सेदारी रखता है। इसमें केरल के अपर कास्ट हिंदू आते हैं। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग के तहत आने वाले एझवा समुदाय भी काफी अहम भूमिका निभाता है। इसकी केरल में कुल आबादी करीब 28 फीसदी है। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन खुद इस समुदाय से आते हैं। यानी विजयन का ये पारंपरिक वोट बैंक है। इसीलिए इस पर सीप्रधानमंत्री का एकाधिकार माना जाता है।

पिछले कई दशकों में भाजपा ने दक्षिण भारत के केरल जैसे बड़े राज्य में घुसने की हर कोशिश की, इसके लिए पार्टी ने पूरा दमखम लगा दिया, लेकिन हर बार सूपड़ा साफ हुआ। जबकि केरल में पिछले करीब 80 साल से आरएसएस लगातार काम कर रहा है। देश के बाकी राज्यों में भी आरएसएस कार्यकर्ता और नेता भाजपा के लिए जमीन बनाने का काम करते आए हैं और कई जगह पार्टी को सफलता भी हाथ लगी है। लेकिन केरल में अब तक कोई करिश्मा नहीं दिखा है। 2016 में मिली एक सीट (नेमम) को छोड़ दें तो भाजपा का राज्य में कभी खाता ही नहीं खुला। केरल की राजनीति को जानने वाले भाजपा की हार का कारण केरल की साक्षरता दर को भी मानते हैं। उनका कहना है कि केरल में देश के बाकी राज्यों के मुकाबले ज्यादा पढ़े-लिखे लोग हैं, जो किसी भी मुद्दे पर भावनाओं में बहकर वोट नहीं करते हैं। लोगों को हर विषय की अच्छी जानकारी होती है और वो स्पष्ट होते हैं कि उन्हें कहां और किसे वोट करना है।

अब केरल में भाजपा हर समुदाय में ध्रुवीकरण की तरफ देख रही है। हिंदू वोटों में ध्रुवीकरण करने में पार्टी कहीं न कहीं कामयाब भी रही है। भाजपा कहीं न कहीं खुद को तीसरे मोर्चे के तौर पर स्थापित करने में कामयाब रही है।

## नक्सली तांडव फिर 11 जवानों की हत्या, आखिर कब तक?

**संजीव**

**विगत दिनों** नक्सलियों द्वारा पुलिस वालों की व्यूह रचना तोड़ते हुए नक्सलियों ने एंबुश लगाकर 11जवानों की दंतेवाड़ा जिले में दर्दनाक हत्या कर दी, लगभग और जवान घायल भी हुए हैं, नक्सलियों का दो साल बाद का सबसे बड़ा हमला है। इसके पूर्व 2 वर्ष पहले एक विधायक की हत्या कर दी गई थी। सूत्रों के अनुसार खुफिया तंत्र की असफलता तथा नक्सलियों तक पुलिस की हर गतिविधि की जानकारी पहुंचने के कारण नक्सलियों ने तांडव मचाया है। केंद्रीय गृहमंत्री तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री दोनों ने दुख व्यक्त कर पुलिस बल का मनोबल भी बढ़ाया और यह भी कहा कि यह शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी।नक्सलियों ने लगभग दो साल बाद छत्तीसगढ़ के जंगलों में अपनी उपस्थिति फिर से दर्शाइ है। छत्तीसगढ़ में बलरामपुर, जसपुर ,बस्तर ,दंतेवाड़ा ,सुकमा, कोंटा ,नारायणपुर आदि धुर नक्सली क्षेत्र माने जाते हैं और नक्सली अपनी गतिविधि यहां लगातार दर्शाते रहते हैं। लेकिन यह 11 जवानों की हत्या बड़ी ही दर्दनाक हुई और अचानक नक्सलियों द्वारा आक्रमण की रणनीति के कारण अभी तक प्रशासन शासन को समझ नहीं आया है । क्षेत्र की जनता और सरकार दोनों अब हाई अलर्ट पर हैं। खुफिया विभाग अपने असफलता के कारणों की खोज में लगी हुई ईतना बारूद सड़कों में लगाया गया और पुलिस के खुफिया तंत्र को कानो कान खबर नहीं हुई। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्, मध्य प्रदेश, बिहार के जंगलों में नक्सलवादियों ने अपना केंद्र बना कर रखा है, और गाहे-बगाहे पुलिस से मुठभेड़ में पुलिस वालों की अनावश्यक हत्या करते रहते हैं. विगत दिनों नक्सली नेताओं ने छत्तीसगढ़ सरकार से बातचीत करने का प्रस्ताव रखा था ,फिर अचानक ऐसा क्या हुआ की पुलिस के केंद्रीय बल के सैनिकों पर इतना बड़ा हमला कर दिया ।छत्तीसगढ़, झारखंड ,आंध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र की सरकार को नक्सली समस्या का स्थाई हल खोजना ही होगा अन्यथा इस तरह की नक्सली मुठभेड़ में जवानों की जिंदगी व्यर्थ ही गवानी पड़ जाएगी। नक्सली समस्या मूलत पश्चिम बंगाल की देन है,जहां चारू मजूमदार,कानू सान्याल के नेतृत्व में नक्शलवाड़ी नामक ग्राम में दल का गठन किया गया था। जहां सरकार के विरोध में आदिवासियों के शोषण और सरकारी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के भ्रष्टाचार के विरोध में चारू मजूमदार ने एक अभियान चलाया था। कालांतर में जो नक्सलवादी गतिविधि या वामपंथी गतिविधि के नाम से जानी जाती है।कई वर्षों पहले पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे सिद्धार्थ शंकर रे ने प्रशासनिक कुशलता दिखाते हुए कठोर कदम उठाकर नक्सलवाड़ी को समूल नष्ट करवा दिया था। इसी तरह पंजाब में खालीस्तान समस्या सिर चढ़कर बोलने लगी थी। जिससे पंजाब की जनता अनावश्यक परेशान थी, और खालीस्तान के समर्थक वहां हिंसक गतिविधियों में लिप्त हो कर सरकार को सरकार चलाने में दिक्कत देने लगे थे। ऐसे में पंजाब पुलिस के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस के,पी,एस गिल ने एक कठोर ऑपरेशन चलाकर खालीस्तान समस्या को नेस्तनाबूद कर दिया था। नक्सली तथा वामपंथी समस्याओं से प्रभावित झारखंड,छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र के पुलिस अधिकारियों को नक्सलियों के विरोध में इसी तरह संयुक्त अभियान चलाकर नक्सली समस्या को कठोरता से खत्म करना चाहिए। या फिर शासन प्रशासन को नक्सली समस्या पैदा होने के मूल कारणों में जाकर वहां की आदिवासी जनता को राशन,दवाएं पानी, शिक्षाऔर सड़क की समस्या को समझ कर उस क्षेत्र को सामाजिक अभियान चलाकर नक्सली मुक्त कराना चाहिए ।क्योंकि नक्सलवादी वामपंथी लोग पुलिस दल से ज्यादा आधुनिक अस्त्र शस्त्र तथा विस्फोटक सामग्री इस्तेमाल कर पुलिस वालों को लगातार मौत के घाट उतार कर शासन का अपनी तरफ ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। अब तक नक्सलवादियों ने हजारों पुलिसकर्मियों की हत्या की है।यह विद्रोही,माओवादी आदिवासियों को राशन पानी स्वास्थ्य शिक्षा सड़क की सुविधाएं न दिए जाने की आड़ में उनसे सहयोग लेकर पुलिस वालों की निरंतर हत्या कर रहे हैं। जिसे तत्काल एक अभियान बनाकर तो रोका जाना चाहिए।

## हाय-हाय यह गर्मी

**डॉ. सुरेश कुमार**

**कुछ कहावतें समय के साथ बदलती रहती** हैं। जैसे तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा। लेकिन पंखे की तीन पत्तियाँ तीन तिगाड़ा तो कतई नहीं हो सकती। गर्मी के दिनों में वो न हो तो आदमी का बिगाड़ा हो सकता है। जिस प्रकार ब्रह्मा, विष्णु, महेश की तिकड़ी दुनिया चलाती है, ठीक उसी तरह पंखे की तीन पत्तियाँ मेरे घर को। पंखे की स्पीड पाँच की हो तो कहना ही क्या, बिखरे हुए अखबार के पन्नों की तरह सब कुछ फड़फड़ाने लगता है। पंखा पुराण में नाना प्रकार की कष्ट लीलाएँ वर्णित हैं। पंखा न चले तो बच्चे घर से भाग जाते हैं। सब्जियाँ खराब हो जाती हैं। गर्मी में जिन कपड़ों को धोने के लिए पांच मिनट लगते हैं, वही पसीने से तर-बतर होने के लिए दो मिनट। कभी-कभी तो लगता है कि मैगी नूडल्स ने दो मिनट का फामूर्ला यहीं से चुराया है। पंखे के बंद होते मैं इस तरह छटपटाने लगता हूँ जैसे बिन पानी मछली। वैसे मछलियाँ बरसात के दिनों में भी सुरक्षित नहीं होती। भूख के आगे सभी अभागे हैं। कभी-कभी सोचता हूँ यह पंखा न होता तो क्या होता? न मेरी शादी होती, न मेरे बच्चे। या यूँ कहिए कि दुनिया ही नहीं होती। बहरहाल, पंखे के बंद होते ही, सारा-का-सारा माहौल अचानक से पसीने का पानीपत बन जाता है। कभी आप बगलों को खुजलाते हैं तो कभी सिर। कभी पीठ को खुजलाते हैं तो कभी कुछ। ऐसे समय में हमें अपने शरीर पर बड़ा पछतावा होता है। भगवान से प्रार्थना करते दिखाई देते हैं कि यह गर्मी का मौसम क्यों बनाया? बनाया तो बनाया बदन खुजलाने के लिए और दो-चार हाथ क्यों नहीं दिए? सच कहें तो पंखे का बंद होना समस्त मानवजाति के लिए अभिशाप बन जाता है। पंखा है तो हवा है। हवा है तो वाह-वाह है। नहीं तो आह-आह है। गर्मी के दिनों में वैसे तो सब कुछ जल्दी पकता है, लेकिन दिमाग का नंबर पहले आता है। इन दिनों में सरल वाक्यों का प्रयोग श्रेष्ठ माना जाता है। संयुक्त अथवा मिश्रित वाक्यों से खोपड़िया कुछ ज्यादा ही पक जाती है। ऐसे में मनुष्य गलतियों का पुतला वाली उक्ति को चरितार्थ करने में अपना सब कुछ लगा देता है। यही कारण है कि जब कोई किसी के घर जाता है तो उसके लिए टेबल वाला तीन पत्तियों का झेलनदार तीव्र गति में दौड़ा दिया जाता है।

# डीएम-सीडीओ ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

## कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ सम्मान समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की मौजूदगी में माध्यमिक शिक्षा विभाग ने उप्र हाईस्कूल-इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में प्रदेश व जिले में प्रथम दस स्थान में शामिल मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह किया।




शुक्रवार को कलेक्टेज्ट सभागार में जिलाधिकारी ने मेधावी छात्र-छात्राओं, माता-पिता, अभिभावकों, शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि बड़े हर्ष की बात है कि हाईस्कूल में 51वें व इंटरमीडिएट में प्रदेश में जिले दूसरे स्थान पर है। छात्र-छात्राओं ने बहुत ही अच्छे अंक के साथ परीक्षा पास की है। बच्चों से पूंछा कि शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर क्या करना चाहते हैं। बच्चों ने बताया कि नीट, पीसीएस, आईएएस आदि इंजीनियरिंग के क्षेत्र में रूचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि पूरी मेहनत के साथ शिक्षा ग्रहण करें। कठिन परिश्रम करके यह परीक्षा पास किया है। माता-पिता परिजन गुरुजन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आगे भी परिश्रम करके शिक्षा ग्रहण करें। कभी ऐसा समय जिंदगी में आराम करने का नहीं आएगा। मेहनत हमेशा करना है। यही जीवन का सत्य है। जीवन में कुछ पाने को कार्य अवश्य करना होगा। शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उसी के अनुसार तैयारी करके किसी बड़े पद पर पहुंचकर जिले का नाम रोशन करें, ताकि जिले का विकास हो सके।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। मेहनत करके इस परीक्षा में परिणाम लाये हैं। उसी प्रकार आगे भी बढ़कर पढ़ाई करें। जिस क्षेत्र में रुचि रखते हो, उसी के अनुसार तैयारी करें और आगे बढ़कर जिले का नाम रोशन करें। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी समेत सभी अधिकारियों, प्रधानाचार्य, छात्र-छात्राओं, माता-पिता, अभिभावकों का आभार जताते हुए कहा कि हाईस्कूल की परीक्षा में जिले में प्रदेश में 51वें स्थान पर है। कुल पंजीकृत छात्र-छात्राओं में 88.68 प्रतिशत छात्र-छात्राएं पास हुए हैं। प्रदेश में दिव्यांशु शुक्ला एवं सत्यम चैरसिया 9वां एवं विनायक भास्कर ने 10वां स्थान प्राप्त किया है। इंटरमीडिएट में प्रदेश में जिला दूसरे स्थान पर है।

पंजीकृत छात्र-छात्राओं में 85. 27 प्रतिशत छात्र-छात्राएं पास हुए हैं। प्रदेश में अंशिका सिंह 7वां एवं अनामिका सिंह 9वां स्थान प्राप्त किया है। जिले में हाईस्कूल परीक्षा 2023 में 18 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 में 12 छात्र-छात्राएं टॉपटेन स्थान पर रहे। हाईस्कूल में दिव्यांशु शुक्ला, सत्यम चैरसिया, विनायक भास्करम, शिवबालक, आशीष कुमार, पूर्णिमा यादव, गौरव मिश्रा, सत्यम कुमार पांडेय, नितेश केसरवानी, अक्षत श्रीवास्तव, हरिओम अग्रहरि, काजल, उत्कर्ष गुप्ता, दिव्यांशी मिश्रा, शिवम सिंह, कीर्ति देवी, पवन कुमार, आयुष मिश्रा एवं इंटरमीडिएट में अंशिका सिंह, अनामिका सिंह, गोमती देवी, अंश श्रीवास्तव, आयुष अग्रहरी, हिमांशी देवांशी, शिवांगी देवी, आयुषी द्विवेदी, तन्मय गुप्ता, मोनिका यादव, शिवानी देवी, प्रतीक्षा देवी शामिल है।

प्रधानाचार्य चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी डॉ रणवीर सिंह चैहान ने कहा कि चित्रकूट इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं को विद्यालय परिवार एवं प्रबंध समिति की ओर से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में स्थान प्राप्त होने पर हाईस्कूल के छात्र विनायक भास्करम एवं इंटरमीडिएट की छात्रा अनामिका सिंह को 15 अगस्त को पुरस्कार के रुप में एक-एकलाख रुपए का चेक दिया जोयगा। जो विद्यालय के छात्र-छात्राएं टॉपर आए हैं, उन्हें निःशुल्क शिक्षा एवं पुस्तकें आदि की व्यवस्था विद्यालय परिवार करेगा।

इस मौके पर एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, परियोजना निदेशक ऋषिमुनि उपाध्याय समेत संबंधित अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, छात्र-छात्राओं के माता-पिता, अभिभावक एवं शिक्षक तथा मेधावी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## कोरोना काल की 15 फीसदी फीस करायें वापस: अजीत सिंह, हाईकोर्ट के निर्देश का करायें पालन

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** कोरोना काल के दौरान सत्र 2020-21 में अभिभावकों से ली गई फीस का 15 प्रतिशत वापस करने के हाईकोर्ट के आदेश का जिले में भी कड़ाई से पालन कराने की बुंदेली सेना ने मांग की है।

शुक्रवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह नें बताया कि नोयडा के बाद लखनऊ के डीआईओएस ने स्कूलों को 15 फीसदी फीस वापस करने के कड़े निर्देश दिए हैं। सौ से अधिक स्कूलों को एक-एक लाख का जुमार्ना भी लगाया है। हाईकोर्ट ने छह जनवरी को स्कूलों को निर्देश दिए थे कि वर्तमान शैक्षिक सत्र में 15 प्रतिशत फीस या तो समायोजित की जाये या फिर वापस की जाये। जिले में भी हाईकोर्ट के इस आदेश का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। बताया कि प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर कोर्ट ने सराहनीय पहल की है। हर साल प्राइवेट स्कूल किताबें बदल देते हैं। मनमानी फीस की वसूली की जाती है। स्कूलों के लिए कोई आचार संहिता नहीं है। अभिभावक खुलेआम लूटे जा रहे है। अजीत सिंह ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से मांग की है कि जिले में भी हाईकोर्ट के आदेश का पालन कराते हुए अभिभावकों को 15 फीसदी फीस वापस कराई जाये। फीस का समायोजन भी कराया जाये।

## एसपी के निर्देश पर चाचा का हत्यारा भतीजा गिरफ्तार, पुलिस ने किया खुलासा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला की अगुवाई में अपराधियो के खिलाफ जारी कार्यवाही के क्रम में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय कर देखरेख में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी ने खरौंद गांव में हुयी बुजुर्ग की हत्या का खुलासा कर हत्यारोपी अजय उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया है।

ज्ञात है कि एक-दो अप्रैल की रात खरौंद गांव में प्यारेलाल पुत्र स्व सुरिजपाल की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी। घटना का मामला मृतक के पुत्र सत्यरोहन की तहरीर पर कोतवाली कर्वी में अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने घटना को संज्ञान लेकर कर्वी कोतवाल को खुलासे के निर्देश दिये थे। कर्वी कोतवाल ने विवेचना में प्रकाश में आये अजय उर्फ पप्पू पुत्र चन्द्रभान निवासी खरौंद को गिरफ्तार किया।

हत्यारोपी अजय, मृतक प्यारेलाल का सगा भतीजा है। प्यारेलाल से घरेलू कारणों के चलते रंजिश रखता था। दूसरे सगे चाचा सरजू पुत्र सुरिजपाल को फंसाने की गरज से डंडे से गला दबाकर खेत में हत्या कर दी थी। मृतक प्यारेलाल एवं हत्यारोपी अजय का चाचा सरजू से जमीनी बंटवारे को लेकर विवाद था। इसीलिये अजय अपने चाचा सरजू को फंसाना चाहता था। पुलिस टीम में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी, सिपाही पियूषशरण श्रीवास्तव, सिपाही बहोरन सिंह शामिल रहे।

## पुलिस ने वारंटी को दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारण्टी की गिरफ्तारी को जारी अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर की अगुवाई में दरोगा राहुल पाण्डेय की टीम ने वारंटी धीरज कुमार पुत्र छेदीलाल निवासी खरसेडा को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा राहुल पाण्डेय, सिपाही राघवेन्द्र सिंह शामिल रहे।

## संयुक्त टीम ने दो ट्रकों को किया सीज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सीओ यातायात श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग ने संयुक्त रुप से भारी वाहनों की जांच की।

शुक्रवार को यातायात प्रभारी मनोज कुमार एवं पीटीओ संतोष कुमार ने यातायात पुलिस के साथ कर्वी शहर में भारी वाहनों की जांच की। जांच में बिना नम्बर प्लेट एवं बिना कागजात के दो खनिज लदे ट्रकों को सीज किया। खनिज की बाबत खनिज विभाग को रिपोर्ट भेजी गयी।

# चोरी की शराब समेत चोर को दबोचा

## राजापुर पुलिस ने 32 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में राजापुर थानाध्यक्ष भास्कर मिश्रा की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह की टीम ने वीरेन्द्र सोनकर पुत्र स्व कुन्जल निवासी कुसियापुरवा के कब्जे से 32 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह, सिपाही उमेन्द्र त्रिपाठी शामिल रहे।



इसी क्रम में मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह की अगुवाई में पुलिस ने शराब की सरकारी दुकान से शराब चोरी करके बेचने वाले को चोरी के 115 क्वार्टर शराब समेत गिरफ्तार किया। थाने के दरोगा बल्देव सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना पर चोरी से शराब बेंच रहे राजेन्द्र सिंह पटेल पुत्र प्रेम सिंह पटेल निवासी रामपुर कल्याणगढ़ को 115 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। पूंछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपने साथ चार अप्रैल की रात थाना बहिलपुरवा के सेमरदहा गांव स्थित सरकारी शराब की दुकान से शराब की 15 पेटी चोरी की थी। चोरी की शराब धीरे-धीरे चोरी से बेंच रहा था। 115 क्वार्टर ही बचे हैं। सेमरदहा की सरकारी शराब दुकान में हुयी चोरी की घटना बाबत बहिलपुरवा थाने में मामला अज्ञात के खिलाफ दर्ज है। टीम में दरोगा बल्देव सिंह, दीवान कमलाकान्त शामिल रहे।

# ऐतिहासिक होगा पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम : सांसद आरके सिंह पटेल

## कार्यक्रम को खास बनाने में जुटे सांसद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम 30 अप्रैल को 100वें संस्करण को सांसद आरके सिंह पटेल खास बनाने में जुटे हैं। सांसद ने बताया कि संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गांव और बूथों पर कार्यक्रम को लेकर तैयारियां चल रहीं है। पीएम के मन की बात का 100वां संस्करण देश के लिए ऐतिहासिक होगा।



शुक्रवार को सांसद ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित मंदाकिनी पैलैस में एक हजार बुद्धिजीवी लोग एक साथ पीएम मोदी के मन की बात सुनेगें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो पर प्रसारित होने वाले मन की बात के 100वें संस्करण को लेकर संसदीय क्षेत्र में विशेष तैयारी की जा रही है। संसदीय क्षेत्र के सभी बूथों पर जनता के साथ सुनने की योजना पार्टी बना रही है। 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100वें संस्करण को सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी बनाने को पार्टी संगठन ने वृहद कार्ययोजना बनाई जा रहीं है। गांव-गांव जाकर भाजपाईयों ने आमजनता के बीच आमंत्रण पत्र बांटे जा रहे है।

उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात पूरे देश के साथ बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र के सभी बूथों पर प्रसारित किया जाएगा। मन की बात को लेकर पार्टी कार्यकताओं में भी खासा उत्साह है। पीएम मोदी मन की बात में देश की मन की बात करते हैं। राजनीतिक नहीं, बल्कि संस्कृति, संस्कार, सामाजिक सरोकारों से जुड़ी बातों को पूरे देश के समक्ष रखते हैं। जिले के बुद्धिजीवियों, अधिवक्ताओं, शिक्षकों, व्यापारियों एवं आमजनता से 30 अप्रैल को मुख्यालय स्थित मंदाकिनी पैलेस में सवेरे साढ़े 10 बजे भारी तादाद में पहुंचकर सामूहिक रूप से 100वें संस्करण को सुनने की अपील की है। आमंत्रण पत्र बांटने में वरिष्ठ भाजपा नेता शक्ति प्रताप सिंह तोमर, सुनील सिंह पटेल, हरि गोपाल मिश्र, राजधर मिश्र, राजकुमार त्रिपाठी, शिवाकांत पांडेय समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा को जितायें, चहुंओर विकास लायें: नरेन्द्र गुप्ता

## जनसम्पर्क में मिल रहा भारी समर्थन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जनसम्पर्क दौरान भाजपा प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता ने पंडित दीनदयाल नगर में जनता से कहा कि यह नगर पालिका क्षेत्र में नया है। ग्राम पंचायत में होने से शहरो वाली सुविधाएं नहीं थी। आगामी समय में सभी के सहयोग से यहां का समुचित विकास होगा। साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था होगी। जगह-जगह लाइट आदि लगवाई जायेगी। जो लोग प्रधानमंत्री आवास से वंचित हैं, उन्हें आवास दिलाया जायेगा।



शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि विकास की अन्य जो जरुरते हैं उन्हें पूरा करने का काम किया जायेगा। राघवपुरी वार्ड चित्रकूट से जुडा वार्ड है। चित्रकूट दार्शनिक स्थल होने से योगी के विशेष जिलों में है। यहां भाजपा सरकार मे बेडीपुलिया से रामघाट और सीतापुर चैराहे से चितरा की ओर जाने वाली सडक का दोहरीकरण, रामघाट मे लेजर रामायण का प्रसारण, बस स्टैंड का शुभारंभ आदि काम भाजपा सरकार मे हुए हैं। इसी वार्ड में आते है। नगर पालिका ने अनेको विकास के काम यहां किये है। आगे भी वह भरपूर प्रयास कर चित्रकूट में विकास की रफ्तार में तेजी लायेंगे। यहां देश-विदेश के लोगों को परेशानी न हो। यहां का व्यापार बढ सके, सभी मिलकर भाजपा को जितायें, ताकि नगर पालिका कर्वी को एक आदर्श नगर पालिका के रूप में दुनिया के मानचित्र में ला सकें। नरेन्द्र गुप्ता ने कहा की उनका प्रयास रहेगा कि नगर के मोहल्लों में जो विकास के काम रह गये हैं, उन्हें पूरा किया जायेगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय अनुसार आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति को विकास की रोशनी देने का काम किया जा सके। जनसम्पर्क में आलोक पांडे, पंकज अग्रवाल, सुमित मिश्रा, हीरो मिश्रा, उज्जवल गुप्ता, गोलू गुप्ता, विनय तिवारी, बृजेन्द्र शुक्ला, संतोष गुप्ता, दादू शाहू, अतुल गुप्ता, दीपक तिवारी आदि मौजूद रहे।

## चुनाव चिन्ह मिलने के बाद प्रचार में आई गरमाहट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित हो गये हैं। चिन्ह आवंटित होने से नगर निकाय चुनाव प्रचार में खासी तेजी आ गई है। अभी तक निर्दल प्रत्याशी अपने घरों में खामोश बैठे थे। चिन्ह मिलते ही सभी प्रत्याशियों ने मतदाताओं के बीच जाकर चुनाव प्रचार में खासी गर्माहट ला दी है।

खासतौर पर राजनैतिक दलों को तो उनके दलों के निर्धारित चिन्ह पहले ही मिले थे। निर्दल प्रत्याशियों को शुक्रवार को चुनाव चिन्ह आवंटित हुए हैं। चुनाव चिन्ह लेने को प्रत्याशियों की तहसील परिसर में खासी गहमा-गहमी रही। नगर पालिका अध्यक्ष पद के बसपा प्रत्याशी कुशल सिंह पटेल को हाथी, सपा प्रत्याशी जागेश्वर यादव को साइकिल, भाजपा प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता को कमल का फूल, कांग्रेस प्रत्याशी निरंजन कुशवाहा को हाथ का पंजा, आप प्रत्याशी प्रमोद कुमार सोनी को झाड़ू, जनअधिकारी पार्टी प्रत्याशी जयकरन को गैस सिलेंडर, भाकपा प्रत्याशी विनोद कुमार को बाली व हसिया, निर्दल प्रत्याशी निशी सोनी को गदा, निर्दल प्रत्याशी फूलचन्द्र को हल, निर्दल बद्री प्रसाद को सैनिक, निर्दल प्रत्याशी मेंहदी हसन को रिक्शा चुनाव चिन्ह मिला है।

सभी प्रत्याशी अपने-अपने चुनाव चिन्हों को ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को बताकर अपने पक्ष में मतदान करने को जुट गये हैं। आगामी चन्द दिनों में चुनाव प्रचार और तेज होने के आसार हैं।

## गौवंशों के लिए संरक्षित करें भूसा: एसडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा ने तहसील राजापुर के सभी लोगों एवं किसानों से अपील की है कि वह सभी अपनी स्वेच्छा से मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर अन्ना गौवंशो को निर्मित गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों के भरण-पोषण आदि को अधिक से अधिक मात्रा में भूसा दान करें। इस पुनीत कार्य में सहभागी बने। उन्होंने ग्रामीण किसानों से सहभागिता करने की अपील की है।

## चुनाव कार्य में लापरवाही नहीं होगी बर्दास्त: एसडीएम राजापुर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मजिस्ट्रेट राजापुर प्रमोद कुमार झा ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव के तहत नगर पंचायत राजापुर के चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से समय से संपादित कराने एवं चुनाव संबंधी मिलने वाली शिकायतों, अनुमति, चुनावी सभा संबंधी आवेदन के निस्तारण को तहसील राजापुर परिसर के न्यायालय नायब तहसीलदार के कार्यालय कक्ष में 24 अप्रैल से मतदान तिथि 11 मई तक के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम का नंबर 9454415966 एवं 8896486043 संचालित है। कंट्रोल रूम प्रभारी नायब तहसीलदार पुष्पेंद्र सिंह गौतम एवं प्रातः छह बजे से दोपहर दो बजे तक राजेश कुमार लेखपाल, अतुल मिश्रा राजस्व निरीक्षक एवं मोहम्मद संग्रह अमीन दोपहर दो बजे से रात्रि 10 बजे तक इंद्रकुमार लेखपाल, संजय पांडे राजस्व निरीक्षक एवं कमलेश संग्रह अमीन तथा रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक रामनिवास शुक्ला लेखपाल रामसिंह राजस्व निरीक्षक एवं गुलाब धर संग्रह अमीन तैनात रहेंगे।

उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी एक रजिस्टर बनायेंगे। प्राप्त होने वाली शिकायतों आदर्श चुनाव आचार संहिता के प्रतिकूल कार्य करना आदि तथा चुनाव संबंधी आवेदनों में वाहन चुनावी सभा रैली आदि को रजिस्टर में दर्ज करते हुए उनसे प्रस्थान कराकर संबंधित अधिकारी, पुलिस, राजस्व, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को प्रेषित करेंगे। तत्काल जांच आख्या मंगाकर उनके लिपिक को देंगे। तहसीलदार राजापुर प्रतिदिन इस रजिस्टर को देखकर प्राप्त शिकायतों में कार्यवाही हुई अथवा नहीं का अनुसरण करते हुए शाम को उनके समक्ष पेश करेंगे। सभी नामित कर्मचारी अपनी अगली पाली के कर्मचारियों के आने के बाद ही कंट्रोल रूम से जाएंगे। चुनाव संबंधित प्रचलित सभी कार्य अति महत्वपूर्ण हैं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी।

## एसपी के निर्देश पर 21 के खिलाफ गुण्डा एक्ट की कार्यवाही से मची खलबली

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही के क्रम में पुलिस ने भोलीभाली जनता में भय, आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले 21 लोगों के खिलाफ मिनी गुण्ड़ाएक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है।

शुक्रवार को राजापुर थानाध्यक्ष भास्कर मिश्रा ने शारदा पुत्र मेवालाल, शिवपूजन पुत्र रामाधार निवासी भंभेट, शिवकरन पुत्र प्रेम सोनकर, बबुली पुत्र भइयालाल, बच्ची उर्फ हीरालाल पुत्र भइयालाल निवासी कारखाना मोहल्ला, छोटु पुत्र पुरी, बढ़ई पुत्र पुरी, बउवा पुत्र बढ़ई, राजकुमार पुत्र बढ़ई, राजकरन पुत्र प्रेम, अखिलेश पुत्र बउवा निवासी लूपलाइन चैराहा के खिलाफ धारा 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह ने सुद्धा सोनकर पुत्र चुनबाद निवासी शिवनगर, ओमकार पुत्र प्रेम सोनकर निवासी बाल्मीकी नगर पूर्वी, सुनील पुत्र कैलाश, कैलाश पुत्र चन्द्रपाल, छोटू पुत्र राजू, राजू पुत्र चन्द्रपाल निवासी बाल्मीकी नगर पश्चिमी, काली उर्फ लाला खटीक उर्फ हीरालाल पुत्र संतोष, रिषभ सोनकर पुत्र रमेश सोनकर पुत्रगण गांधीनगर, पुष्पराज पुत्र रामकेशन निवासी कोटा कंडेला, गुड्डू पुत्र बाबूलाल निवासी खिचरी के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

## नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 हेतु अभ्यर्थन वापसी के उपरान्त वैध उम्मीदवारों का विवरण

**सुलतानपुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 हेतु अभ्यर्थन वापस लेने वाले उम्मीदवारों की संख्या-नगर पालिका परिषद सुलतानपुर में अध्यक्ष पद हेतु कुल-03 है, जिनके नाम-इच्छा मिश्रा, सुनीता अग्रवाल, व सरताज आलम, सभी निर्दलीय है तथा सदस्य पद हेतु कुल 16 है, जबकि नगर पंचायतों में अभ्यर्थन वापस लेने वाले उम्मीदवारों की संख्या-अध्यक्ष पद हेतु कुल-13 हैं, जिनमें नगर पंचायत लम्भुआ से अन्जू धुरिया, ज्ञानमती उर्फ सुदामा, ममता, राजेन्द्र प्रसाद, रेखा देवी, संजीव कुमार पाण्डेय, सभी निर्दलीय हैं।

इसी प्रकार नगर पंचायत दोस्तपुर से अनीता पत्नी विजय, राधिका पत्नी शशिन कुमार व सीमा पत्नी सुरेन्द्र प्रताप, सभी निर्दलीय हैं। इसी प्रकार नगर पंचायत कोईरीपुर से अध्यक्ष पद हेतु मुन्नी देवी निर्दलीय हैं। इसी प्रकार अन्य नगर पंचायतों से अध्यक्ष पद हेतु भी कुछ नाम वापस लिये गये हैं तथा सदस्य पद हेतु सभी नगर पंचायतों से कुल-26 अभ्यर्थन वापस लिये गये है।

नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 हेतु अभ्यर्थन वापस लेने वाले अध्यक्ष/सदस्य सहित कुल उम्मीदवारों की संख्या-58 हैं। इस प्रकार अभ्यर्थन वापसी के उपरान्त वैध उम्मीदवारों की संख्या-नगर पालिका परिषद सुलतानपुर में अध्यक्ष पद हेतु कुल-10 तथा सदस्य पद हेतु कुल-157 है। इसी प्रकार सभी नगर पंचायतों में अभ्यर्थन की वापसी के उपरान्त वैध उम्मीदवारों की संख्या अध्यक्ष पद हेतु कुल-39 है तथा सदस्य पद हेतु कुल संख्या-264 है। इस प्रकार अध्यक्ष व सदस्य पद हेतु वैध उम्मीदवारों की कुल संख्या-470 है।

# विदेश संदेश

## ब्रिटेन के भारतीय विद्या भवन के प्रमुख डॉ. नंदकुमार एमबीई से सम्मानित

**लंदन।** संस्कृत के सुप्रसिद्ध विद्वान और लंदन में भारतीय विद्या भवन केंद्र के कार्यकारी निदेशक डॉ. एमएन नंदकुमार को भारतीय शास्त्रीय कला क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए महाराजा चार्ल्स तृतीय ने क्षमेंबर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर' (एमबीई) से सम्मानित किया। सार्वजनिक जीवन में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को ब्रिटिश सम्राट द्वारा यह पुरस्कार दिया जाता है।

करीब 46 वर्षों से भारतीय विद्या भवन केंद्र से जुड़े डॉ. नंदकुमार कर्नाटक के मत्तूर गांव के रहने वाले हैं। एमबीई मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की ज्यादा खुशी है कि इसके जरिये भारतीय कला व संस्कृति के क्षेत्र में भारतीय विद्या भवन केंद्र के योगदान को मान्यता दी गई है।

## नेपाल में लुंबिनी प्रांत के मुख्यमंत्री बने डिल्लीबहादुर चौधरी

**काठमांडू।** नेपाली कांग्रेस के डिल्ली बहादुर चौधरी को नेपाल में लुंबिनी प्रांत का मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया है। उन्हें प्रांतीय प्रमुख अमिक शेरचन ने मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त किया।



चौधरी को लुम्बिनी क्षेत्र के अधिकांश सांसदों का समर्थन प्राप्त है। चौधरी को सत्तारूढ़ गठबंधन के आठ दलों में से 52 और एक निर्दलीय सहित 53 लोगों के हस्ताक्षर के बाद मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया है। उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त करने के लिए 53 लोगों ने प्रांतीय प्रमुख के कार्यालय में अपने हस्ताक्षर प्रस्तुत किए। सीपीएन (यूएमएल) के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद लुम्बिनी प्रांत को नए मुख्यमंत्री के लिए बहुमत के साथ आने के लिए आमंत्रित किया गया था। केपी ओली के नेतृत्व वाली यूएमएल ने 7 में से 6 प्रांतों में सरकार छोड़ दी है। अब यूएमएल की सरकार केवल कोशी प्रांत में है।

## नेपाल में पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह को सीपीएन (यूएमएल) अध्यक्ष ओली ने दी चेतावनी

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह को सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने उनके खिलाफ कोई हरकत नहीं करने की चेतावनी दी है। उन्होंने शाह पर अपने बेटे और बहु को आगे कर उनके खिलाफ गतिविधियां करने का भी आरोप लगाया। पूर्वी नेपाल के इलाम में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में ओली ने चेतावनी देते हुए कहा, 'मैं ज्ञानेंद्र शाह से कहता



हूं, ज्यादा चमक धमक मत करो, अन्यथा हिसाब लगाना पड़ सकता है।' ओली ने टिप्पणी की कि पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह कुछ लोगों के साथ राजनीतिक अभिव्यक्ति देते हुए घूम रहे हैं।

इस सप्ताह जब ओली का कार्यक्रम हो रहा था, तब झापा में तथाकथित पहचान वादियों द्वारा पथराव किए जाने के बाद वहां पर झड़प हो गई थी। इसके जवाब में पूर्व राजा की बहू हिमानी शाह के फर्जी ट्विटर अकाउंट से ओली विरोधी ट्वीट किए गए थे। इसी आक्रोश के चलते ओली ने ऐसी चेतावनी दी। नेपाल के प्रमुख दलों के नेताओं ने पूर्व राजा शाह की गतिविधियों के प्रति रोष प्रकट करना शुरू कर दिया है। वे कहते रहे हैं कि उन्होंने शाह की गतिविधियों पर नजर रखी है। पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल इसे गंभीर बताते रहे हैं। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने कहना शुरू कर दिया है कि गणतंत्र को खतरे में डालने की साजिश हो रही है। हालांकि हिंदू राष्ट्र समेत राजशाही के मुद्दे को लेकर पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह के समर्थक सक्रिय हो रहे हैं।

# सूडान में 72 घंटे और बढ़ा संघर्ष विराम, विदेशी नागरिकों को निकालना होगा आसान

**खार्तूम।** सूडान में चल रहा भीषण संघर्ष तीन दिन और रुका रहेगा। सूडान में 72 घंटे संघर्ष विराम बढ़ाने पर सहमति बन गयी है। इससे विदेशी नागरिकों को निकालना आसान होगा।

सूडान पर कब्जे को लेकर सेना और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेस के बीच लड़ाई छिड़ी हुई है। ईद के दिन पहली बार 72 घंटे का संघर्ष विराम लागू किया गया था, किन्तु उस पर अमल नहीं हो सका। इसके बाद तमाम कोशिशों के बाद 24 व 25 अप्रैल की रात से 72 घंटे का संघर्ष विराम शुरू हुआ। इस संघर्ष विराम के बाद भारतीय नागरिकों को सूडान से निकालने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन कावेरी सहित सूडान में फंसे दुनिया भर के नागरिकों को वहां से सुरक्षित निकाले जाने का रास्ता तैयार



हुआ। अब एक बार फिर संघर्ष विराम को 72 घंटे और बढ़ाने पर सहमति हो गयी है। सूडानी सेना ने बयान जारी कर कहा कि संघर्ष विराम को और 72 घंटे के लिए बढ़ाया जा रहा है। सेना ने कहा कि सऊदी अरब और अमेरिका ने इसके लिए मध्यस्थता की है। वहीं, दूसरे पक्ष रैपिड सपोर्ट फोर्सेस ने कहा है कि वह भी संघर्ष विराम बढ़ाने को राजी हो गए हैं। अमेरिका, सऊदी अरब, नॉर्वे, ब्रिटेन और यूएई ने इसका प्रस्ताव दिया था। सूडान में संघर्ष विराम बढ़ाने में अफ्रीकन यूनियन व संयुक्त राष्ट्र के साथ सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, अमेरिका जैसे देश प्रयासरत थे। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी कर सूडान में संघर्ष विराम बढ़ने की पुष्टि की है। संघर्ष विराम बढ़ने से सूडान में फंसे भारतीयों सहित दुनिया भर के नागरिकों को वहां से सुरक्षित निकालना आसान हो जाएगा। वहां फंसे भारतीयों को निकालने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन कावेरी के लिए भी यह राहत की खबर है। सूडान से अभी तक भारतीयों के आठ जत्थे सुरक्षित निकाले जा चुके हैं और जल्द ही सभी भारतीयों को सूडान से सुरक्षित निकालने का काम पूरा हो जाएगा।

## नेपाल में गंडकी प्रांत के मुख्यमंत्री बने सुरेंद्र राज पांडे

**काठमांडू।** नेपाल में गंडकी प्रांत के मुख्यमंत्री पद पर नेपाली कांग्रेस के सुरेंद्र राज पांडे को नियुक्त किया गया है। नेपाली कांग्रेस प्रांतीय संसदीय दल के नेता पांडे को प्रांतीय प्रमुख पृथ्वीमान गुरुंग ने मुख्यमंत्री नियुक्त किया। पांडे पद एवं गोपनीयता की शपथ ले सकते हैं। नेपाली कांग्रेस के नेता पांडे को केंद्र में सत्तारूढ़ सीपीएन (एमसी) के नेतृत्व वाले गठबंधन के घटक दलों के विधायकों ने समर्थन किया है। पांडे गोरखा जिले से हैं, जहां से 20 नवंबर 2022 को हुए संसदीय



चुनाव में सीपीएन (एमसी) के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' सांसद निर्वाचित होने के बाद प्रधानमंत्री बने थे। गंडकी प्रांत में सीपीएन (यूएमएल) सरकार के गिरने के बाद सीपीएन (एमसी) के नेतृत्व वाले गठबंधन के घटकदलों में मुख्यमंत्री पद के लिए किसी एक नाम पर आम सहमति नहीं बन पा रही थी। अंततः, पांडे के नाम पर सहमति बनने और 60 सदस्यीय प्रांतीय विधानसभा के 35 सदस्यों के समर्थन करने के बाद सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू हो सकी है।

# चुनाव से पहले फिर मुसीबत में ट्रंप, लगा यौन शोषण व दुष्कर्म का नया आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए एक बार फिर मैदान में उतरने का एलान कर चुके हैं। चुनाव से पहले ट्रंप फिर मुसीबत में घिर गए हैं। उन पर यौन शोषण और दुष्कर्म का आरोप लगाया गया है। अमेरिका में अगले साल राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे हैं। ट्रंप ने चेतावनी दी कि यदि वे वापस नहीं आए तो अमेरिका अराजकता में उतर जाएगा। वर्तमान अमेरिकी




राष्ट्रपति बाइडेन पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने रास्ते से भटक गया है। हाल ही में बाइडन द्वारा दोबारा चुनाव लड़ने की घोषणा की गयी है। इसके बाद ट्रंप ने कहा कि चुनाव अब ताकत या कमजोरी के बीच है। सफलता या विफलता, सुरक्षा या अराजकता, शांति या संघर्ष और समृद्धि या तबाही के बीच चुनाव करना है। चुनावी तैयारियों के बीच ट्रंप एक बार फिर मुसीबतों में फंसते भी नजर आ रहे हैं। पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स के बाद अब एक पूर्व अमेरिकी स्तंभकार ई. जीन कैरोल ने ट्रंप पर यौन शोषण और दुष्कर्म का आरोप लगाया है। ट्रंप के खिलाफ एक अन्य केस की सुनवाई के दौरान कैरोल ने दुष्कर्म की जानकारी दी। कैरोल ने बताया कि ट्रंप ने मैनहट्टन के एक डिपार्टमेंटल स्टोर के चेंजिंग रूम में उनके साथ दुष्कर्म किया था। कैरोल ने 2019 में पहली बार न्यूयॉर्क पत्रिका द्वारा प्रकाशित अपनी पुस्तक के एक अंश में ट्रंप पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। नवंबर 2022 में न्यूयॉर्क में प्रभावी होने वाले एक नए कानून के बाद कैरोल ने एक नया मुकदमा दायर किया, जिसमें ट्रंप पर जबरन यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ का आरोप लगाया।

## काबुल एयरपोर्ट पर आत्मघाती हमले की ली थी जिम्मेदारी, ISIL-K के दो आतंकी ब्लैकलिस्ट

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र ने इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड लेवेंट खोरासान के दो आतंकियों को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। बता दें कि इन दोनों आतंकियों ने साल 2021 में काबुल एयरपोर्ट पर आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली थी। इस आत्मघाती हमले में 170 अफगानी और 13 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। वहीं डेढ़ सौ से ज्यादा लोग घायल हुए थे। जिन आतंकियों को यूएन ने ब्लैक लिस्ट किया है, उनमें आईएसआईएल खोरासान का प्रवक्ता सुल्तान अजीज आजम और आतंकी संगठन का वरिष्ठ नेता मौलाना राजाब का नाम शामिल है।

**क्या होगा प्रतिबंध का असर**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा ब्लैक लिस्ट किए जाने के बाद इन आतंकियों की संपत्तियों को सीज कर लिया जाएगा और इनके यात्रा करने पर भी प्रतिबंध रहेगा। साथ ही हथियारों की खरीद-फरोख्त में भी मुश्किल आएगी। 26 अगस्त 2021 को ही इन आतंकियों ने काबुल एयरपोर्ट पर हुए आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ले ली थी। आजम एक पूर्व पत्रकार



है और आईएसआईएल में फिलहाल प्रवक्ता है। अफगानिस्तान में साल 2015 में खोरासान का गठन हुआ था, उसके बाद से ही आजम इस आतंकवादी संगठन के साथ जुड़ा हुआ है।

**तालिबान के कब्जे के बाद हुआ था हमला**

तालिबान ने 15 अगस्त 2021 को काबुल पर कब्जा किया था, जिसके बाद आनन-फानन में अमेरिका और नाटो देशों के फौजी अफगानिस्तान से निकल रहे थे। बड़ी संख्या में अफगानी लोग भी देश से बाहर जा रहे थे। जिसके चलते बड़ी संख्या में लोग काबुल एयरपोर्ट के बाहर जमा थे। इसी दौरान हुए एक तेज आत्मघाती हमले में भारी तबाही हुई है। जिसमें सैंकड़ों लोगों की मौत हुई। इससे पहले दो मार्च 2021 को तीन महिला पत्रकारों की हत्या की बात भी आईएसआईएल खोरासान ने स्वीकार की थी।

## नेपाल में फिर कांपी धरती, डेढ़ घंटे में दो बार महसूस किए गए भूकंप के झटके

**काठमांडू।** नेपाल में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। देर रात दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र बाजुरा के दाहाकोट में बताया जा रहा है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.8 और 5.9 तीव्रता बताई जा रही है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, पहला भूकंप रात 11:58 बजे (स्थानीय समयनुसार) आया, जिसकी तीव्रता 4.9 मापी गई। इसके बाद रात 1:30 बजे 5.9 तीव्रता का एक और भूकंप दर्ज किया गया।

नेपाल के सुरखेत जिले के भूकंप विज्ञान केंद्र के एक अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि डेढ़ घंटे के अंतराल में आए भूकंप के झटकों से लोगों के बीच दहशत फैल गई। लोग अपने घरों से बाहर आ गए। पुलिस ने बताया है कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

इससे पहले एक अप्रैल को दोलखा जिले के सूरी में मध्यम तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। यहां के राष्ट्रीय भूकंपीय केंद्र के अनुसार, काठमांडू से 180 किलोमीटर पूर्व में दोलखा में सुबह 11.27 बजे (स्थानीय समयानुसार) 5.2 तीव्रता का




भूकंप दर्ज किया गया था। भूकंप के झटके ओखलधुंगा, रमेच्छप, सिंधुपाल चौक और नुवाकोट जिलों के साथ-साथ काठमांडू घाटी में भी महसूस किए गए थे।

अप्रैल 2015 में 7.8 तीव्रता का विनाशकारी भूकंप आया था

अप्रैल 2015 में नेपाल में 7.8 तीव्रता का विनाशकारी भूकंप आया था। इस दौरान लगभग 9,000 लोग मारे गए थे और लगभग 22,000 अन्य घायल हुए थे। इसने 800,000 से अधिक घरों और स्कूल भवनों को नुकसान पहुंचा था।

**क्यों बार-बार नेपाल में आ रहे भूकंप के झटके?**

आईआईटी कानपुर सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सीनियर प्रोफेसर और जियोसाइंस इंजीनियरिंग के विशेषज्ञ प्रो. जावेद एन मलिक ने बताया कि 2015 में भी नेपाल में 7.8 से 8.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके आए थे। भूकंप का केंद्र पूर्वी नेपाल था। हालांकि, हिमालय रेंज में टेक्टोनिक प्लेट अस्थिर हो गई है। इसके चलते अब लंबे समय तक इस तरह के भूकंप आते रहेंगे।

## Pence ने चुनाव परिणाम पलटने की ट्रंप की कोशिशों के मामले में गवाही दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को पलटने की तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके सहयोगियों की कोशिशों की जांच कर रही संघीय ग्रांड जूरी के समक्ष गवाही दी। मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने यह बताया। ट्रंप के साथ काम कर पद के चुनाव की दौड़ में शामिल होने के संकेत दिए हैं। उन्होंने



संकेत दिए हैं कि वह इन चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी के नेता ट्रंप के खिलाफ खड़े हो सकते हैं। पेंस ने ऐसे वक्त में गवाही दी है जब इससे पहले एक संघीय अपीलीय अदालत ने पेंस की गवाही को रोकने के ट्रंप के वकीलों के प्रयास को खारिज करते हुए सीलबंद लिफाफे में आदेश दिया था।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## Alaska में अमेरिकी सेना के दो हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**ज्वाइंट बेस एल्मेंडोर्फ-रिचर्डसन।** अमेरिकी सेना के दो हेलीकॉप्टरएक प्रशिक्षण उड़ान से लौटते वक्त अलास्का में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस साल राज्य में सैन्य हेलीकॉप्टरों से जुड़ी यह दूसरी दुर्घटना है। अलास्का में अमेरिकी सेना के एक प्रवक्ता जॉन पेनेल ने बताया कि प्रत्येक हेलीकॉप्टर में दो लोग सवार थे। पेनेल ने कहा कि उनके पास हादसे की चपेट में आए लोगों की स्थिति के बारे में



अभी कोई जानकारी नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि हादसे की वजहों की जांच की जा रही है, जिसके बाद अधिक जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। इससे पहले, अलास्का में फरवरी 2023 में एक अपाचे हेलीकॉप्टर के तालकीतना से उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण उसमें सवार दो सैनिक घायल हो गए थे।

## Nigeria : बंदूकधारियों के अलग-अलग हमलों में 15 ग्रामीणों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के अशांत उत्तरी क्षेत्र में बंदूकधारियों ने अलग-अलग जगहों पर हमला कर 15 ग्रामीणों की हत्या कर दी और पांच सहायता कर्मियों का अपहरण कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी डेविड ओलोफू ने बताया कि हमलावर बेन्यू प्रांत के आपा इलाके में पहुंचे और ग्रामीणों के घरों में घुसकर उन पर गोलियां बरसाईं। उन्होंने बताया कि गोलीबारी के शिकार लोगों में कई सैन्यकर्मी भी शामिल हैं। ओलोफू के मुताबिक, गोलीबारी में कई घर तबाह हो गए और बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी जान बचाकर सुरक्षित स्थान पर भाग गए। बेन्यू में पिछले एक महीने में ऐसे हमलों में 80 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। अभी तक किसी भी संगठन ने इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है।

हालांकि, अधिकारियों का



मानना है कि फुलानी चरवाहें इसके लिए जिम्मेदार हैं। बेन्यू में फुलानी जनजाति के चरवाहों के समूह और नाइजीरिया के मूल निवासियों के बीच पानी और जमीन को लेकर लंबे समय से संघर्ष चल रहा है। वहीं, पूर्वोत्तर नाइजीरिया में इस्लामिक चरमपंथियों ने बोर्नो प्रांत के नगला में पांच सहायता कर्मियों का अपहरण कर लिया। नगला में एक दशक से अधिक समय से सरकार के खिलाफ विद्रोह चल रहा है। अपहृत सहायता कर्मियों में अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन एफएचआई-360 के तीन कर्मी और दो ठेकेदार शामिल हैं। ये सभी ÷नाइजीरिया के लोगों को जीवनरक्षक चिकित्सा देखभाल प्रदान करने का काम कर रहे थे।÷ एफएचआई-360 ने अपने सहायता कर्मियों के अपहरण की निंदा की है। नाइजीरिया में संगठन के निदेशक इओरवा कवाघ अपेरा ने सहायता कर्मियों को 'बिना शर्त और तत्काल सुरक्षित रूप से आजाद करने' की मांग की है।

# एयर इंडिया के अधिकांश पायलटों ने मुआवजा प्रणाली को स्वीकारा: कैंपबेल विल्सन

**नई दिल्ली,।** एयर इंडिया (एआई) के अधिकांश पायलटों ने मुआवजा प्रणाली को स्वीकार कर लिया है। एयरलाइंस प्रमुख कैंपबेल विलसन ने शुक्रवार को कहा कि एयर इंडिया के संशोधित वेतन संरचना एवं नौकरी की शर्तों के खिलाफ पायलटों के संघ के विरोध के बीच अधिकांश पायलट ने पिछले हफ्ते पेश मुआवजा प्रणाली को स्वीकार कर लिया है। कैंपबेल ने टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया कर्मचारियों को अपने साप्ताहिक सूचना में कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 90 फीसदी एआई चालक दल के सदस्यों और ज्यादातर पायलटों ने पिछले हफ्ते पेश मुआवजा प्रणाली को स्वीकार कर




लिया है। उन्होंने कहा कि एयरलाइन कार्यस्थल प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण के साथ-साथ नए तथा बेहतर कर्मचारी लाभों में निवेश कर रही है।टाटा समूह ने केंद्र सरकार से विमानन कंपनी एयर इंडिया का अधिग्रहण जनवरी 2022 में किया था। घाटे में चल रही एयर इंडिया ने 17 अप्रैल को अपने पायलटों और चालक दल के सदस्यों के लिए एक नई मुआवजा प्रणाली की घोषणा की थी। एआई की इस घोषणा को दो संघों भारतीय वाणिज्यिक पायलट संघ (आईसीपीए) और इंडियन पायलट गिल्ड (आईपीजी) ने खारिज कर दिया था। फिलहाल एयर इंडिया में 1,800 से अधिक पायलट कार्यरत हैं।